नई दिल्ली
शनिवार 6 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 48
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 29

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# बैंक डूबा... तो अब पांच लाख नहीं, मिलेंगे 7.50 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के करोड़ों बैंक खाताधारकों के लिए बेहद राहत भरी खबर

देश के करोड़ों बैंक खाताधारकों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार बैंकिंग सिस्टम में आम जनता का भरोसा मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाली इंश्योरेंस लिमिट को 5 लाख से बढ़ाकर 7.5 लाख करने पर विचार कर रही है।

हाल के दिनों में पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) और यस बैंक जैसे बड़े बैंकिंग संकटों ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी थी। हाल ही में आरबीआई द्वारा सर्वोदय को-ऑपरेटिव बैंक और कार्वार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस रद्द किए जाने के बाद खाताधारकों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

बड़ी खबर

वित्त मंत्रालय ने इसका प्रस्ताव पीएमओ को भेजा


फाइल फोटो

### डीआईसीजीसी खाताधारकों को लौटाती है रकम

*भारत में जब आप किसी भी सरकारी, प्राइवेट, विदेशी या को-ऑपरेटिव बैंक में पैसा जमा करते हैं, तो उस पैसे को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी 'डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन' (डीआईसीजीसी) की होती है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डीआईसीजीसी का क्या है नियम?

*डीआईसीजीसी के नियमों के मुताबिक इस इंश्योरेंस कवर के दायरे में आपका प्रिंसिपल अमाउंट (मूलधन) और उस पर मिलने वाला ब्याज दोनों शामिल होते हैं। आरबीआई ने बैंकों के लिए एक नया 'रिस्क-बेस्ड प्रीमियम' (आरबीपी) नियम भी पेश किया है। पहले सभी बैंकों को एक समान फ्लैट रेट (12 पैसे प्रति 100) पर प्रीमियम देना पड़ता था, लेकिन अब मजबूत और सुरक्षित बैंक कम प्रीमियम देंगे और कमजोर बैंकों को ज्यादा प्रीमियम देना होगा।*

### पहले 1 लाख रुपए ही मिलते थे, 2020 में थे हुए 5 लाख

*अगर इस इंश्योरेंस लिमिट के इतिहास पर नजर डालें, तो लंबे समय तक यह सीमा सिर्फ 1 लाख हुआ करती थी। यानी बैंक में आपके चाहे कितने भी लाख रुपए जमा हों, बैंक डूबने पर आपको केवल 1 लाख रुपए ही वापस मिलने की गारंटी थी। लेकिन सरकार ने फरवरी 2020 में एक बड़ा फैसला लेते हुए इस लिमिट को पांच गुना बढ़ाकर 1 लाख से सीधे 5 लाख कर दिया था।*

## युद्ध और मंदी के बीच भारत की ऊंची छलांग

# वित्त वर्ष 2026 में 7.7% की रफ्तार से बढ़ी जीडीपी

फरवरी में लगाए गए 7.6 फीसदी के अनुमान से बेहतर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं, अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ट्रंप टैरिफ जैसी बड़ी आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार रफ्तार पकड़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की ▶▶ शेष पेज 5 पर

अच्छी खबर

### सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बड़ा हाथ

मंत्रालय के मुताबिक अर्थव्यवस्था के इस मजबूत प्रदर्शन के पीछे सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बड़ा हाथ रहा है। इस दौरान देश की नॉमिनल जीडीपी में 8.9% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। विभिन्न सेक्टर्स की बात करें तो कृषि और मत्स्य पालन जैसे प्राइमरी सेक्टर में 3.2% की ग्रोथ रही, ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दिल्ली आएंगे




**नई दिल्ली।** पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके भारत लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लिए रवाना हो रहा हूं और अपना भविष्य देश के संविधान के हाथों में छोड़ रहा हूं। कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

### जयपुर में युगांडा से आई महिला में मिला 'इबोला'



**जयपुर।** जयपुर में इबोला वायरस का एक संदिग्ध मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। जयपुर एयरपोर्ट पर युगांडा से आई एक विदेशी महिला की स्क्रीनिंग के दौरान उसमें इबोला जैसे लक्षण पाए गए। महिला को तुरंत जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया।

### हिमाचल में कई भागों में भूकंप के तेज झटके



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में शुक्रवार रात करीब 10:04 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 आंकी गई। भूकंप का केंद्र चंबा जिले में 32.289 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.434 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जबकि इसकी गहराई मात्र 5 किमी दर्ज की गई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात को दी 18,800 करोड़ की सौगात

# सूरत की बदलेगी सूरत और दमन और तेजी के साथ दमकेगा व 'स्वास्थ' की उड़ान भरेगा

ग्रीन एनर्जी में भारत बनेगा अग्रदूत, गुजरात की पीएम मोदी ने थपथपाई पीठ


संबोधन के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते नेतागण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया तेजी से ग्रीन फ्यूचर, हरित भविष्य की ओर बढ़ रही है और भारत आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाते हुए इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को देश की प्रमुख प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा के नए आधार बनेंगे। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि देश की कुल 250 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में से अकेले गुजरात का ▶▶ शेष पेज 5 पर


हजीरा में निरीक्षण करते पीएम मोदी

### जनता ने विकास को चुना

*प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता ने हमेशा अराजकता और अनिश्चितता की राजनीति को नकारते हुए विकास के रास्ते को चुना है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांवों और शहरों दोनों का समान रूप से विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में आधुनिक कनेक्टिविटी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शामिल है। बेहतर सड़क, रेल, बंदरगाह और डिजिटल नेटवर्क देश के विकास को नई गति प्रदान कर रहे हैं।*

### सूरत शहर की सराहना की

*सूरत के विकास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने शहर की सराहना की और कहा कि सूरत आज देश के लिए एक आदर्श ग्रीन सिटी के रूप में उभर रहा है। उन्होंने शहर के सर्कुलर वाटर इकोनॉमी मॉडल और 'वेस्ट टू वेल्थ' अभियान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में यह पहल एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक अवसरों का भी सृजन कर रही है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि गुजरात और सूरत आने वाले समय में हरित ऊर्जा, स्वच्छ विकास और सतत शहरीकरण के क्षेत्र में देश को नई दिशा देंगे।*

## विदेश मंत्रालय ने कहा, लद्दाख सहित समूचा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है

# गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव कराने को लेकर भारत की पाकिस्तान को दो टूक



- पाकिस्तान की कोशिशों से नहीं बदलेगी जमीनी सच्चाई, खाली करना पड़ेगा अवैध कब्जा
- जब तक आतंकवाद पूरी तरह से खत्म नहीं होगा, तब तक स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान द्वारा रविवार, 7 जून को गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा के आम चुनाव और स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने को लेकर शुक्रवार को भारत ने बेहद सख्त अंदाज में अपना विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस पूरे इलाके पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। जबकि यह पूरा भूभाग भारत के क्षेत्राधिकार में आता है। जिसे देखते हुए भारत एक बार फिर से मजबूती के साथ मामले पर अपना पक्ष रखते हुए यह स्पष्ट करता है कि लद्दाख समेत समूचा जम्मू-कश्मीर (पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला तथाकथित गिलगित-बाल्टिस्तान शामिल है) भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। 1947 में मिली स्वतंत्रता के साथ ही एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खाली करना पड़ेगा अवैध कब्जा

*बयान के मुताबिक, पाकिस्तान द्वारा की जा रही चुनाव कराने की यह कोशिश भारत के संप्रभु अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। क्योंकि यह पूरा क्षेत्र भारत के अधिकार क्षेत्र में आता है। पाकिस्तान की उक्त कोशिशों की वजह से यह सच्चाई किसी से छिप नहीं सकती है कि उसने भारत के इलाकों पर जबरन अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। जिसे उसे हर हाल में खाली करना पड़ेगा।*

### सच्चाई से ध्यान भटकाने की कोशिश

*गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव कराने की इस कोशिश से इन अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में बने हुए मौजूदा हालात जैसे वहां हो रहे मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, राजनीतिक दमन, आर्थिक शोषण और आम लोगों को स्वतंत्रता से वंचित करने जैसी समस्याओं से पाकिस्तान बचकर नहीं निकल सकता है। कुल मिलाकर चुनाव कराने की योजना क्षेत्रों में बने हुए मूल मुद्दों से उसकी ध्यान भटकाने की कोशिशों का हिस्सा है।*

### आईडब्ल्यूटी फिलहाल स्थगित है

*वहीं, मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) फिलहाल स्थगित है। जब तक पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त नहीं करेगा। तब तक यह संधि स्थगित रहेगी।*

## अन्नामलाई के जाने से पार्टी पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा: नागेंद्रन

# अन्नामलाई ने छोड़ी भाजपा, तमिलनाडु में नया राजनैतिक दल बनाने की घोषणा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा कर दी है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि एआईएडीएमके के साथ भाजपा का दोबारा गठबंधन इस पूरे विवाद में ताबूत की आखिरी कील साबित हुआ। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को लिखे अपने इस्तीफे में, अन्नामलाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने माना कि तमिलनाडु को लेकर उनका और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का विजन अलग हो गया था। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय पार्टियों का तमिलनाडु की जनता से संवाद का तरीका अक्सर उन्हें लोगों से पूरी तरह जोड़ नहीं पाता, जिसके चलते उन्होंने पार्टी से अलग होने का कठिन फैसला लिया। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी से अपना नाता तोड़ लिया है। शुक्रवार को उन्होंने न केवल अपना इस्तीफा सौंपा, बल्कि एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत का भी ऐलान किया। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई ने स्पष्ट किया कि उनकी यह पहल भविष्य में एक राजनीतिक दल का रूप लेगी, जो आगामी चुनावों में अपनी किस्मत आजमाएगी। वहीं, अन्नामलाई के इस्तीफे पर तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अन्नामलाई के जाने से पार्टी पर कोई नकारात्मक असर ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 15.15 लाख करोड़ का घोटाले की मीडिया में आई खबर क्या सत्य है ? कांग्रेस ने मांगे जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने राजेश एक्सपोर्ट्स से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने दावा किया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, सेबी की अंतरिम जांच रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों से देश के कॉर्पोरेट इतिहास के सबसे बड़े वित्तीय गड़बड़ी मामलों में से एक का संकेत मिलता है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच राजेश एक्सपोर्ट्स द्वारा लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये के समेकित राजस्व (कंसोलिडेटेड रेवेन्यू) को गलत तरीके से दर्शाए जाने की आशंका जताई गई है। उन्होंने कहा कि यदि सेबी के निष्कर्ष सही साबित होते हैं तो यह केवल कॉर्पोरेट गवर्नेंस की विफलता नहीं, बल्कि नियामकीय निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उल्लेखनीय है विदेशी न्यूज एजेंसी के हवाले से पूरी खबर बाहर आई है। उसमें क्या वाकई सच्चाई है, कांग्रेस ने केंद्र सरकार से सवालों के जरिए जवाब मांगा है। कांग्रेस ने कहा कि सेबी की जांच राजेश एक्सपोर्ट्स और उसकी विदेशी सहायक कंपनियों पर केंद्रित रही। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के कुल घोषित राजस्व का 97 से 99 प्रतिशत हिस्सा विदेशी सब्सिडियरी और स्टेप-डाउन सब्सिडियरी कंपनियों से आता हुआ दिखाया गया था। जांच के दौरान स्विट्जरलैंड स्थित गोल्ड रिफाइनरी वैलकैम्बी एसए के राजस्व आंकड़ों और समूह स्तर पर घोषित राजस्व के बीच भारी अंतर पाया गया। पार्टी के अनुसार, सेबी ने यह भी कहा है कि पांच वर्षों के दौरान घोषित लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को उपलब्ध दस्तावेजों और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हरित क्रांति की तरह बागवानी एवं एग्री-बिजनेस क्रांति का अब नेतृत्व करेगा हरियाणा: नायब

# मुख्यमंत्री ने 2,738 करोड़ रुपये की सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का किया शुभारंभ

- हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर की रखी आधारशिला हरियाणा में 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस बनेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में किसान, युवा, महिलाएं और आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हरियाणा को बागवानी, एग्री-बिजनेस, कोल्ड चेन, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि निर्यात के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर कृषि को अधिक टिकाऊ, आधुनिक और लाभकारी बनाने, जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 2,738 करोड़ रुपये की लागत से जाईका वित्तपोषित सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का शुभारंभ तथा हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर का शिलान्यास के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ओवल कार्यालय में मीडिया के सवालों के जवाब में बोले अमेरिका के राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना अच्छा दोस्त, जल्द व्यापार समझौता होने को लेकर जताया विश्वास

# भारत ने सालों तक अमेरिका से वसूला भारी-भरकम टैक्स, अब हमारी बारी है: ट्रंप

- भारत की प्रतिक्रिया, सकारात्मक-रचनात्मक रही अमेरिकी टीम संग हुई वार्ता, व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्ध हैं दोनों देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर नई दिल्ली में चल रहे वार्ता के दौर के खत्म होने और वाशिंगटन द्वारा भारत सहित दुनियाभर के देशों पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की योजना के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने भारत पर निशाना साधते हुए कहा है कि नई दिल्ली ने वर्षों तक अमेरिका से बड़े पैमाने पर टैक्स वसूला है। यह हमारी नीतियों का ही नतीजा था। जिससे भारत ने जमकर मुनाफा कमाया। लेकिन अब समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं, पुरानी व्यवस्था भी 360% पलट गई है और अब हम भारत से खूब मुनाफा कमा रहे हैं। यह जानकारी ट्रंप ने बीते गुरुवार को अपने ओवल कार्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दी है। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा हाल ही में 12.5% टैरिफ लगाने की योजना के बीच कुछ देशों पर 10% टैरिफ लगाने की घोषणा भी की है। जिसमें पाकिस्तान, कनाडा, मेक्सिको, ताइवान, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और ईयू में शामिल देश मुख्य हैं।

**यह है भारत का पक्ष:** 5 जून को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए अमेरिका के व्यापार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त

*राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने कहा, पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। साथ ही यह विश्वास जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता होगा। उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, जिसमें हम मिलकर एक डील करेंगे। क्योंकि मैं आपके (भारत) के प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं।*

## बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तावेज दिलाने में मदद का था आरोप

# होटल मालिक लवकेश पहले भी हो चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मालवीय नगर अग्निकांड के होटल मालिक को पिछले वर्ष बांग्लादेशी नागरिकों को कथित रूप से अवैध तरीके से प्राप्त भारतीय दस्तावेजों के माध्यम से ठहराने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों से यह जानकारी मिली।

मालवीय नगर के हौज रानी स्थित 'फ्लोरिश स्टे बीएंडबी' होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार किया गया था और वह चार दिन की पुलिस हिरासत में है। जांचकर्ता आग लगने की परिस्थितियों की पड़ताल कर रहे हैं और होटल प्रबंधन से जुड़े फरार मैनेजर व अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार बजाज उन आरोपियों में शामिल था, जिनके खिलाफ 29 जनवरी 2025 को पहाड़गंज थाने में मामला दर्ज किया गया था। यह मामला फर्जी तरीके से प्राप्त भारतीय पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके बांग्लादेशी नागरिकों के मध्य दिल्ली में अवैध रूप से ठहाने से संबंधित था। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि स्वीटी सरकार उर्फ ब्यूटी हलदार उर्फ जोहरा खातून और उसकी बेटी पुष्पो सरकार उर्फ पुष्पो हलदार उर्फ पुष्पो सैयदा अख्तर तथा पुष्पो का नाबालिग बेटा, कथित तौर पर फर्जी तरीके से प्राप्त भारतीय दस्तावेजों के आधार पर पहाड़गंज के एक घर में रह रहे थे। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट और आधार कार्ड शामिल था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि स्वीटी सरकार ने दक्षिण दिल्ली के छतरपुर एन्क्लेव के एक मकान के पते पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। पते की पुष्टि से पता चला कि वह संपत्ति बजाज की थी। पूछताछ के दौरान, लवकेश बजाज ने स्वीकार किया कि उसने जानबूझकर आरोपियों को पैसे के बदले भारतीय पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए अपने आवासीय पते का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिससे देश में वे अवैध तरीके से रह सके। जांच के आधार पर बजाज, स्वीटी सरकार और पुष्पो सरकार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग लड़के के संबंध में भी कानून के अनुसार कार्रवाई के लिए पुलिस सूचना रिपोर्ट (पीआरआई) दाखिल की गई है।

## होलंबी खुर्द में युवक की बेरहमी से पिटाई, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ पुलिस हत्या का केस दर्ज कर जांच में जुटी



बाहरी उत्तरी जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत होलंबी खुर्द में एक युवक की कुछ लोगों ने डंडों और लात घूसों से बेरहमी से पिटाई की। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों की तलाश में कई टीमें लगाई गई है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को नरेला इंसट्रियल एरिया थाने में सूचना मिली कि विकास (36) पुत्र रमेश चंद, निवासी 206, होलंबी खुर्द के सिर में चोट लगने के बाद उसके भाई नितिन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची जहां मृतक विकास के शव की औपचारिक जांच की गई। उसके सिर पर चोट का निशान था। आगे की पूछताछ में पता चला कि मृतक विकास होलंबी खुर्द की वसु विहार कॉलोनी में नाई की दुकान चलाता था। रात करीब 11:10 बजे वह सिर पर चोट के साथ घर लौटा और बाद में उसे महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसकी दुकान से घर तक के रास्ते की जांच की गई। मकान नंबर 212 (मेन होलंबी खुर्द से नया बांस रोड) के सामने सड़क पर खून के धब्बे और टूटी हुई लकड़ी का एक डंडा मिला। साथ ही बाइक का साइड व्यू मिरर और फुटरेस्ट भी टूटी हुई हालत में मिले। इसके बाद उस जगह से मृतक विकास के घर तक के रास्ते की जांच करने पर कई जगहों पर खून के धब्बे मिले, जिससे संकेत मिलता है कि कोई झगड़ा हुआ था। बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें मृतक के भाई ने बबलू, देव करण और अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी मृतक को जानते थे और उसी गांव में रहते हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## ग्रेटर कैलाश में ऑफिस बिल्डिंग में लगी आग दो दमकलकर्मी घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 में एक ऑफिस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित बैटरी कक्ष में बृहस्पतिवार देर रात आग लग गई। आग बुझाने के कार्य में जुटे दो दमकलकर्मी भी इस घटना में घायल हुये है। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती करवाया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि उसे सावित्री सिनेमा के सामने स्थित टाटा कम्युनिकेशंस के कार्यालय में आग लगने की सूचना देर रात दो बजकर 47 मिनट पर मिली जिसके बाद दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित बैटरी कक्ष तक ही सीमित रही और इससे करीब 200 वर्ग फुट क्षेत्र प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के दौरान दो दमकलकर्मियों के हाथ झुलस गए और उन्हें उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। आग पर सुबह करीब सात बजे काबू पाया गया और इसके बाद घटनास्थल को ठंडा करने का काम किया गया ताकि आग दोबारा ना भड़के। इमारत में भूतल और उसके ऊपर पांच मंजिलें हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## गाजीपुर में 21 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर गांव में एक 21 वर्षीय विवाहित महिला अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार दोपहर गाजीपुर गांव की गोपाल गली स्थित एक मकान में एक महिला के मृत मिलने के संबंध में पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान मकान की चौथी मंजिल पर एक सोफे पर खुशी (21) नाम की महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि महिला की शादी अक्टूबर 2025 में तरुण (26) नामक युवक से हुई थी। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के समय तरुण का भाई सुमित (23) भी घर में मौजूद था। पुलिस ने बताया कि एफएसएल और अपराध टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने भी जांच के लिए घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिक परीक्षण के लिए प्रासंगिक साक्ष्य और फॉरेंसिक नमूने एकत्र कर सुरक्षित रख लिए गए हैं। मौत के सटीक कारण और तरीके का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सीवर निर्माण कार्य के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोधी श्मशान घाट पर बरसाती नाले और सीवर पाइप लाइन के निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार और उससे सटा एक स्टोर रूम ढह जाने से 55 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक का नाम देवेंद्र बताया गया है।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात 1.08 बजे उस समय हुई जब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा जेसीबी और हाइड्रा मशीन की मदद से खुदाई और पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा था। खुदाई के कारण चारदीवारी की एक दीवार और उससे सटा एक स्टोर रूम ढह गया, जिससे तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। घटना के संबंध में देर रात 1.18 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस सेवाओं के कर्मी मौके पर पहुंचे। शुरुआती बचाव प्रयासों के दौरान दो श्रमिकों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया, जबकि तीसरे को बाद में मलबे से निकाला गया। तीनों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। मृतक की पहचान देवेंद्र के रूप में हुई, जिसे अचेत हालत में बाहर निकाला गया था और अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान राजेश (48) और उमर (20) के रूप में की गयी है। राजेश के चेहरे और होठों पर चोटें आई हैं और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है तथा उमर की हालत भी खतरे से बाहर है। पुलिस ने घटना की जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## एलजी ने दो गांवों में भूमि आंवटन को मंजूरी

■ सार्वजनिक परिवहन सेवा में महिलाओं की सुरक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मुंगेशपुर और फतेहपुर बेरी गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने के लिए ग्राम सभा भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी है। जबकि दूसरे निर्णय में एलजी ने डीटीसी यानी सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा की समीक्षा की, जिसमें ट्रांजिट स्टेशनों से घर तक की सुरक्षा शामिल है। वहीं एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में उत्तरी जिले के सुंगरपुर गांव में 28 बीघा 5 बिस्वा ग्राम सभा भूमि 99 वर्षों की अवधि के लिए गौशाला स्थापित करने हेतु आवंटित करने को भी मंजूरी दी है। एलजी के इन फैसलों से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घरों के पास ही प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के रूप में आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना का लाभ आसानी से मिलने लगेगा। वहीं डीटीसी बसों में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला सशस्त्र पुलिस की तैनाती से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। जबकि सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड का विस्तार करने से महिलाओं को अन्य परिवहन साधनों में यात्रा के लिए सुविधा होगी।

## प्रदर्शन की अनुमति के लिए 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने नहीं किया पुलिस से संपर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को डिजिटल संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के संबंध में शुक्रवार शाम तक अनुमति के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार अनुमति मांगें जाने पर हम उनके अनुरोध की पड़ताल करेंगे। पुलिस ने कहा कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरत पड़ने पर संवेदनशील क्षेत्रों में कर्मियों को तैनात करने के लिए तैयार हैं। सीजेपी ने परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छह जून को प्रदर्शन का आह्वान किया है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके ने इस महीने की शुरुआत में अपने समर्थकों और विद्यार्थियों से दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया था। दिपके ने अपने समर्थकों से यह भी आग्रह किया था कि वे छह जून को उनके हवाई अड्डे आने पर वहां पहुंचें। सोशल मीडिया पर युवाओं द्वारा संचालित मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' अपने गठन के बाद से चर्चा में है और कई सार्वजनिक हस्तियों ने इसे 'सब्सक्राइब' किया है।

## क्राइम ब्रांच ने 33 साल पुराना हत्या का मामला सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल रेंज क्राइम ब्रांच की टीम ने 33 साल पुराने अनसुलझे हत्या के मामले सुलझाते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन दशकों से ज्यादा समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। राजेंद्र डागर उर्फ राजेंदर सिंह उर्फ सागर उर्फ राजू 1993 में नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के लाहौरी गेट पुलिस स्टेशन में दर्ज एक हत्या के मामले में वांछित था। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर राम सिंह की हत्या की थी। राम सिंह खेतड़ी, झुंझुनू राजस्थान का ट्रक ड्राइवर था और उसकी हत्या एक होटल में जहर देकर की गई थी। मकसद हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का तांबे का सामान ले जा रहे ट्रक को लूटना था। जांच से पता चला कि ड्राइवर को आखिरी बार राजेंदर सिंह के साथ देखा गया था। अपराध के तुरंत बाद आरोपी फरार हो गया था और 1994 में इसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। आरोपी 33 साल तक फरार रहा और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए वह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों और मुंबई व जयपुर जैसे शहरों में रहा। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान करना एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि उस समय उसकी उम्र लगभग 25 साल थी। अब वह लगभग 59 साल का है। उस समय कोई डिजिटल कोर्ट रिकॉर्ड नहीं था और पहचान करने के लिए आधुनिक साधन भी उपलब्ध नहीं थे। अब आरोपी को हरियाणा के नारनौल बस स्टैंड इलाके से पकड़ा गया है। आरोपी 1984 में भारतीय सेना के लिए चुना गया था। कोर्ट-मार्शल के बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके खिलाफ कश्मीरी गेट, मायापुरी और अलवर (राजस्थान) में कई मामले दर्ज पाये गये हैं। सभी मामलों में वह ड्राइवर को चकमा देकर सामान से लदी गाड़ी लेकर भाग जाता था।

## निर्माणधीन इमारत से भारी वस्तु गिरने से बुजुर्ग घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से भारी वस्तु सिर पर गिरने से 61 वर्षीय व्यक्ति के घायल होने के मामले में अमर कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले में बरती गई लापरवाही की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 मई को शाम करीब पांच बजे घटी। कैलाश हिल्स निवासी कृष्णकांत शर्मा अपने घर से पास के एक मंदिर जा रहे थे। अपनी शिकायत में शर्मा ने बताया कि इस इमारत में निर्माण कार्य चल रहा था और वहां से गुजरने के दौरान अचानक ऊपर से कोई वस्तु गिरी और इसके सिर से टकराने के कारण वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय निवासी उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जबकि उनके परिवार ने पुलिस को सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित को बाद में अस्पताल से छुट्टी दे गई और पुलिस ने घर जाकर उनका बयान दर्ज किया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारत-नेपाल सीमा तक खोजबीन के बाद सुलझा मर्डर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ आदर्श नगर पुलिस ने हत्या के आरोपी सुमन कुमार झा को किया गिरफ्तार

■ आपसी रंजिश के कारण की गई थी हत्या

आदर्श नगर पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और व्यापक ह्यूमन इंटेलिजेंस के बाद एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुमन कुमार झा (45) निवासी शक्ति पार्क, ढांसा रोड, गुरुग्राम, हरियाणा का रहने वाला है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इसे भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र तक लगातार फील्ड ऑपरेशन चलाने के बाद गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार इसी साल 23 मार्च को आदर्श नगर पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें अज्ञात पुरुष के घायल अवस्था में मिले की सूचना थी। घायल शख्स को बाबू जगजीवन राम अस्पताल, जहांगीरपुरी में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। चूंकि मृतक की पहचान शुरू में अज्ञात थी, इसलिए उसकी पहचान स्थापित करने के लिए व्यापक प्रयास किए गए। तीन दिन बाद मृतक की पहचान उसके बेटे सतेंद्र यादव ने रमेश यादव उर्फ रावण निवासी जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के तौर पर की थी। लगभग 150 कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। लगातार फील्ड पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण और वैज्ञानिक सबूत इकट्ठा करने के जरिए सुमन कुमार झा की संलिप्तता मर्डर में साबित हुई। इसके बाद अदालत से आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल किया गया। आरोपी सुमन कुमार झा मूल रूप से जिला सप्तरी, नेपाल का रहने वाला है। भारत-नेपाल सीमा के नजदीक इसे बिहार के मधुबनी जिले में ट्रैक किया गया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने मृतक रमेश यादव उर्फ रावण की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल की। उसने बताया कि घटना से लगभग 3-4 दिन पहले, शराब पीते समय मृतक के साथ उसका झगड़ा हुआ था। उस झगड़े की रंजिश के कारण आरोपी ने मृतक को खत्म करने का फैसला किया और बदला लेने के मौके का इंतजार करने लगा। आरोपी ने आगे बताया कि घटना के दिन उसने मृतक को घटनास्थल के पास सोते हुए देखा। स्थिति का फायदा उठाते हुए उसने पास पड़ा एक पत्थर उठाया और कई बार मृतक के सिर पर वार किया, जिससे उसे जानलेवा चोटें आई। अपराध के बाद आरोपी तुरंत घटनास्थल से भाग गुरुग्राम पहुंचा था। इसका पिछला रिकॉर्ड भी मिला है जिसमें आर्म्स एक्ट का एक मामला इसके खिलाफ दर्ज पाया गया है।

## दिल्ली होटल अग्निकांड: फरार मैनेजर पुलिस गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मालवीय नगर इलाके के जिस होटल में आग से 21 लोगों की मौत हुई और कई दर्जन अस्पताल में भर्ती हुये उसका मैनजर जय मिश्रा अभी तक फरार चल रहा है। मिश्रा की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस ने कई टीमों के गठन का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार जांचकर्ताओं ने मिश्रा की तलाश तेज कर दी है। माना जा रहा है कि मिश्रा ने उस होटल के संचालन और प्रबंधन में मुख्य भूमिका निभाई थी, जहां बुधवार सुबह आग लगी थी। मिश्रा का पता लगाने के लिए दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में विभिन्न स्थानों पर कई टीमें तैनात की गई हैं। मिश्रा के ठिकाने का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जांच के हिस्से के रूप में पुलिस होटल के उन कर्मचारियों की भी तलाश कर रही है जो घटना के समय वहां मौजूद थे या इस प्रतिष्ठान से जुड़े हुए थे। जांचकर्ताओं का उद्देश्य उनके बयान दर्ज करना है ताकि आग लगने से पहले की घटनाओं के क्रम का पता लगाया जा सके और होटल के संचालन के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। जांच में कई पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा नियमों का अनुपालन, इमारत का लेआउट, आपातकालीन निकास की व्यवस्था और वे परिस्थितियां शामिल हैं जिनके कारण मेहमान परिसर के अंदर फंस गए थे। पुलिस होटल से जुड़े कई लोगों से पहले ही पूछताछ कर चुकी है और इससे संबंधित दस्तावेजों की जांच कर चुकी है। जीवित बचे लोगों और चश्मदीदों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप यादव, पुत्रः मोहित लाल यादव, पताः झुग्गी नं. ए–640/2, आईटीआई के–ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 12/2013, U/s 324/34 IPC, पुलिस थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रदीप यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रदीप यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12/2013, U/s 324/34 IPC, पुलिस थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रदीप यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री ज्योति नैन
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–07, उत्तर
कमरा नं. 06, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7482/NW/2026

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **किशन उर्फ बिच्छू, पुत्रः श्री. बलवंत सिंह, निवासीः ए–48, भरत विहार, चंदर विहार, निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.35826/2023 U/S 379/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना उत्तर रोहिणी, जिला रोहिणी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **किशन उर्फ बिच्छू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **किशन उर्फ बिच्छू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.35826/2023 U/S 379/411 IPC, थाना उत्तर रोहिणी, जिला रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **किशन उर्फ बिच्छू** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **24.08.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा संख्या 107, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7414/RD/2026
(अदालती मामला)


## दरियापुर कलां में सर्वोदय कन्या विद्यालय पुनः होगा संचालित : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ लगभग 700-800 बालिकाओं को मिलेगा लाभ, नर्सरी से बारहवीं तक की शिक्षा होगी उपलब्ध

बवाना विधानसभा क्षेत्र के दरियापुर कलां में स्थित उपदेश कौर सर्वोदय कन्या विद्यालय को पुनः शुरू किया जाएगा। लंबे समय से अनुपयोगी एवं जर्जर अवस्था के चलते इस विद्यालय को बंद कर दिया गया था। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के मंत्री और स्थानीय विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने दी है।

उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र की बेटियों को अपने ही इलाके में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पुनः शुरू होने से क्षेत्र की लगभग 700 से 800 बालिकाओं को लाभ मिलेगा। यहां नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध होगी, जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी तीनों संकायों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। छात्राओं को उनकी रुचि, योग्यता और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विषय चुनने का अवसर मिलेगा। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप कंप्यूटर शिक्षा, कला, शारीरिक शिक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों का भी अध्ययन कराया जाएगा। मंत्री इंद्राज ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा करना उनका दायित्व है, लेकिन जब बात बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य की आती है तो यह उनके लिए एक विशेष संकल्प बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने वाला केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और बेटियों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना एक विकसित एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। इस विद्यालय के पुनः संचालन से क्षेत्र की अनेक बालिकाओं को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपने भविष्य को नई दिशा दे सकेंगी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। दरियापुर कलां में सर्वोदय कन्या विद्यालय का पुनः संचालन इसी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा और उत्कृष्टता का केंद्र बनेगा तथा क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा से जोड़कर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें।

## यादव ने की संगठन से जुड़े 7 लोकसभा और 14 जिलों के कार्यरत ऑब्जर्वरों की नियुक्तियां रदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने संगठन से जुड़े 7 लोकसभा और 14 जिलों के कार्यरत ऑब्जर्वर्स की नियुक्तियां रद्द कर दी है। इस बारे में प्रदेश कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार दिल्ली की सभी सातों लोकसभा और 14 जिलों के लिए कार्यरत ऑब्जर्वरों की नियुक्तियां को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

यह सभी प्रदेश कांग्रेस संगठन के कार्यों और कार्यशैली की देखरेख का काम रहे थे। जबकि सभी 70 विधानसभा के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर पहले की भांति काम करते रहेंगे।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रोपे पौधे

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राजधानी में नमो ऑक्सीजन पार्कों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके से 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौधे भी रोपे। इस कार्यक्रम के दौरान 'दिल्ली की कार्य योजना 2026-27 से 2036-37 और दिल्ली बर्ड एटलस सहित कुछ दस्तावेज भी जारी किए गए।



गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष दिल्ली सरकार ने एक हरित बजट पेश किया है जिसमें बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा हरित परियोजनाओं के लिए चिन्हित किया गया है। सरकार का इस साल 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल पेड़ लगाना चाहती है बल्कि उन्हें बचाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सभी सरकारी विभागों से हरित भवनों को विकसित करने और पेड़ों की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में हरित क्षेत्र को बढ़ाने से वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है।

गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हम विशाल वृक्षारोपण अभियान और 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों के उद्घाटन के साथ स्वच्छ, हरित और स्वस्थ दिल्ली मिशन को जनअभियान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी दिल्लीवासियों से आग्रह करती हूं कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ें और एक पौधा अवश्य लगाएं। आइए, मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली को और स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाएं। इस कार्यक्रम में दिल्ली के पर्यावरण और वन एवं वन्यजीव मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, छतरपुर से विधायक करतार सिंह तंवर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन 18 पार्कों के तहत आने वाले कुल 185.42 एकड़ क्षेत्र को हरित जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जानकारी दी कि ये 'नमो ऑक्सीजन पार्क' सामान्य पार्कों से अलग हैं क्योंकि यहां केवल पीपल, बरगद, जामुन और आम जैसी स्वदेशी व पर्यावरणीय रूप से लाभकारी प्रजातियों को प्राथमिकता दी जा रही है। ये पेड़ अधिक ऑक्सीजन देने के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता और पक्षियों के प्राकृतिक आवास को समृद्ध करेंगे। सरकार का लक्ष्य पूरी दिल्ली में ऐसे 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करने का है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले तो दिल्ली को हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाना संभव है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता को सुधारने में अहम भूमिका निभाएंगे पार्क : भूपेंद्र

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मैदानगढ़ी स्थित 'नमो ऑक्सीजन पार्क' में आयोजित यह कार्यक्रम दिल्ली में शहरी हरित क्षेत्र के विस्तार, वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान वृक्षारोपण को कृतज्ञता, जिम्मेदारी और पर्यावरण चेतना से जुड़े जनआंदोलन का स्वरूप देने में सफल रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में 0

### 'इस वर्ष 70 लाख पेड़-पौधे लगाने का लक्ष्य'

दिल्ली सरकार ने इस वर्ष 70 लाख पेड़-पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। सरकार का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि जियो-टैगिंग और उचित रख-रखाव के माध्यम से उनका 100 प्रतिशत संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान केवल सरकार के प्रयासों से सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जनभागीदारी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक 'नमो ऑक्सीजन पार्क' के लिए स्थानीय स्तर पर केयर-टेकिंग समितियां गठित की जाएंगी, ताकि नागरिक स्वयं इनके संरक्षण और रखरखाव में सहभागी बन सकें। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के पारिस्थितिक तंत्र को दीर्घकालिक मजबूती देने के लिए तीन अत्यंत महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और नीतिगत दस्तावेजों/पुस्तकों का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने इन दस्तावेजों को दिल्ली के सुनहरे और पर्यावरण-अनुकूल भविष्य की दिशा तय करने वाला रोडमैप बताया। कार्यक्रम में 'दिल्ली बर्ड एटलस' को धरातल पर उतारने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले नागरिक समाज संगठनों, पर्यावरणविदों और पक्षी विशेषज्ञों को मंच पर सम्मानित किया गया।

**मशक्कत...**



नई दिल्ली। बारापुला फ्लाईओवर के नीचे नाले की सफाई करते मजदूर : फोटो एजेंसी

**कूड़े से भरा नाला...**




नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट के बगल से बहता हुआ एक नाला। फोटो एजेंसी

### माँ की तरह प्रकृति भी मानव जीवन का है आधारः मल्होत्रा

नई दिल्ली। जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें जीवन देती है, उसी प्रकार प्रकृति भी मानव जीवन का आधार है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने पौधारोपण के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद करने का दिन है। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को एक साथ जोड़ने वाला एक प्रेरणादायी अभियान है। हर्ष मल्होत्रा ने सभी दिल्लीवासियों, विशेषकर युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और आवासीय कल्याण संघों से अपील की कि वे विश्व पर्यावरण दिवस को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानें, बल्कि वर्षभर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों में भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में देशभर में करोड़ों नए वृक्ष खड़े होंगे और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।



## 'पाइपलाइन की खुदाई में मजदूर की मौत दुखद'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक बयान में कहा है कि भाजपा के ट्रिपल इंजन सरकार की अक्षमता और व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली अब दुर्घटनाओं की राजधानी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि लोधी कॉलोनी में लोधी होटल के पास सीवर पाइपलाइन की खुदाई के दौरान दीवार गिरने से एक 55 वर्षीय मजदूर देवेन्द्र की मौत और दो मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होना सरकार के निकम्मेपन को उजागर करता है।

दिल्ली में सरकारी भ्रष्टाचार और नाकामी के कारण हर दिन लोग मर रहे हैं। मालवीय नगर के हौज रानी में अवैध रूप से चलाए जा रहे होटल में विनाशकारी आग लगने और साकेत मेट्रो स्टेशन के पास सैदुलाजाब में एक इमारत गिरने से 27 निर्दोष लोगों की मौत की घटनाएं बताती है कि दिल्ली दुर्घटनाओं की राजधानी बन चुकी है। यादव ने कहा कि दुर्घटनाओं पर नियत्रंण और राहत देने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, पीसीआर वैन जैसी सरकार की टीमों द्वारा तुरंत कार्यवाही करने से लिए घटना स्थलों पर पहुंचने से पहले दिल्ली की जनता बचाव कार्य कर रही है। लेकिन संबधित मंत्री और विभाग सिर्फ औपचारिकता पूरी करके अपना पल्ला झाड़ रही है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जिन्होंने हौज रानी होटल में भीषण आग, जिसमें कई विदेशी नागरिकों सहित 21 लोगों की जान चली गई थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने वहां जाने तक की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में, राजधानी में कई विनाशकारी आग लगने और इमारत ढहने की दुर्घटनाएं हुई हैं। लेकिन दिल्ली सरकार की आपदा प्रबंधन टीमों ने शायद ही कभी सही वक्त पहुंचकर राहत दी हो।

## महापौर ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के बारे में पार्षदों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नए ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के बारे में पार्षदों एवं निगम अधिकारियों को अवगत कराने हेतु एक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में नए ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के बारे में एनजीओ एवं विशेषज्ञों द्वारा एक प्रस्तुति दी गई। बैठक में उप महापौर डॉ मोनिका पंत, अध्यक्ष स्थायी समिति सत्या शर्मा, नेता सदन जय भगवान यादव, विधायक श्याम शर्मा, रविंदर नेगी, अनिल शर्मा, पार्षदगण, निगमायुक्त संजीव खिरवार, सभी अतिरिक्त आयुक्त, सभी जोन के उपायुक्त सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्वच्छ दिल्ली के विजन को साकार करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया ताकि सभी निगम पार्षद नए ठोस कचरा प्रबंधन नियमों से अवगत हो एवं उन्हीं के अनुरूप अपने क्षेत्रों में कार्य करवाएं।



### फील्ड ट्रिप से पार्षदगण लैंडफिल पर प्राप्त करें जानकारी

महापौर प्रवेश वाही ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया कि 7 से 12 जून तक कचरा प्रबंधन के बारे में अवगत कराने के लिए विभिन्न फील्ड ट्रिप का आयोजन किया जा रहा है। फील्ड ट्रिप के माध्यम से पार्षदगण लैंडफिल साइटों, वेस्ट तो एनर्जी प्लांट पर जाकर कचरा निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## दिल्ली सरकार लापरवाह अधिकारियों पर करेगी सख्त कार्रवाई : सूद

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर जैसी आग की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा अनधिकृत निर्माणों, अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने वाली गतिविधियों पर कठोर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में कई प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। जिनमें अब लापरवाह व भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए अधिकारियों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की विभिन्न धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जाएगी, इसके तहत अधिकतम 2 वर्ष की सजा व मोटे जुर्माने का प्रावधान है। यह कार्रवाई उन अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी जिनकी लापरवाही या मिलीभगत के कारण अवैध निर्माण, अग्नि सुरक्षा उल्लंघन अथवा अन्य खतरनाक गतिविधियां पनपती हैं। अफसरों को यह भी चेतावनी दी गई कि आवश्यक होने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों का भी उपयोग किया जाएगा। इस बैठक में शहरी विकास एवं गृह मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, डीडीए उपाध्यक्ष, एमसीडी आयुक्त, एनडीएमसी के चेयरमैन, डिविजलन कमिश्नर, सभी डीएम, निगम उपायुक्त तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। इस बैठक की जानकारी देते हुए आशीष सूद ने पत्रकारों को बताया कि दिल्ली सरकार इन हादसों में प्रभावित सभी परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति की पल-पल की समीक्षा कर रही हैं।

## बेरोजगार बस मार्शलों ने मल्होत्रा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** गत 22 मई 2026 के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संबंध में बेरोजगार 10 हजार से अधिक सिविल डिफेंस बस मार्शलों के प्रतिनिधित्व मंडल ने शुक्रवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को उनके 60 दिन में स्थाई रोजगार समाधान के वादे की याद दिलाई। बस मार्शल के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राजकुमार भाटिया के माध्यम से हर्ष मल्होत्रा से मुलाकात कर स्पष्ट कहा कि "भाजपा नेताओं ने 60 दिन में पक्का स्थाई रोजगार देने का आश्वासन दिया था। वह समय अब पूर्ण हो चुका है। 471 दिन से परिवार भूखे बैठे हैं। अब सिर्फ आश्वासन नहीं, एक्शन चाहिए।

## मंत्री सिरसा और पंकज ने ग्रीन एसएम की इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय से दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रीन एसएम की ऐप-आधारित इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं दिल्ली-एनसीआर में एक हजार इलेक्ट्रिक टैक्सियों के साथ ग्रीन एसएम ऐप का भी शुभारंभ किया गया।

कंपनी की योजना आगामी एक वर्ष में इस सेवा का विस्तार कर दिल्ली-एनसीआर में 10 हजार वाहनों तक पहुंचाने की है। इस अवसर पर जीएसएम के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्लोबल सीईओ) गुयेन वान थान्ह तथा विन ग्रुप के एशिया मुख्य कार्यकारी अधिकारी फाम सान्ह चाऊ भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर माननीय पर्यावरण मंत्री 0मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ऐसी हरित पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो प्रदूषण को कम करें और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाएं।

चाहे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान हों, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का उपयोग हो या ग्रीन मोबिलिटी को अपनाना हो, हर प्रयास एक स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में सहायक है। इस टैक्सी सेवा का शुभारंभ इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली सचिवालय से इस इलेक्ट्रिक वाहन पहल का शुभारंभ हमारे स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त दिल्ली के संकल्प को दर्शाता है।

### 82 संपत्तियों को तोड़ा और 43 संपत्तियों को किया सील

# एमसीडी ने अवैध निर्माणों के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 1 जून से राजधानी के सभी नगर निगम क्षेत्रों में अवैध निर्माण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत 1 जून से अब तक 82 संपत्तियों को तोड़ा गया तथा 43 संपत्तियों को सील किया गया। सीलिंग एवं तोड़फोड़ अभियान एमसीडी की टीमों द्वारा दिल्ली पुलिस के सहयोग से चलाया गया। एमसीडी ने बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माणों को हटाया तथा भवन मानकों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों को सील किया। 1 जून से दक्षिण क्षेत्र में भवन उपनियमों का उल्लंघन करने वाली 12 संपत्तियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई तथा 14 संपत्तियों को सील किया गया। इसी अवधि में सिविल लाइंस जोन में 7 और नरेला जोन में 8 अवैध संपत्तियों को तोड़ा गया। एमसीडी ने बताया कि निगम के सभी जोनों में अवैध निर्माण, संपत्ति के दुरुपयोग तथा भवन उपनियमों के उल्लंघन के मामलों में 150 से अधिक नोटिस, सीलिंग नोटिस तथा तोड़फोड़ आदेश भी जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, सभी जोनों में भवन उपनियमों का उल्लंघन करने वाली अवैध व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियों की पहचान के लिए सर्वेक्षण भी चलाया जा रहा है।




### अवैध निर्माण या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल न हों जनता

एमसीडी ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने हित में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल न हों। ऐसी गतिविधियां दिल्ली नगर निगम अधिनियम-1957, मास्टर प्लान-2021 तथा यूनिफाइड बिल्डिंग बायलॉज-2016 के प्रावधानों के विरुद्ध हैं और इनके परिणामस्वरूप तोड़फोड़ एवं सीलिंग जैसी कार्रवाई की जा सकती है। एमसीडी ने दोहराया है कि भवन उपविधियों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम भवन नियमों को कड़ाई से लागू करने तथा छात्रों एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दक्षिण जोन में तोड़फोड़ एवं सीलिंग

दक्षिण जोन में अवैध निर्माण और संपत्तियों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। दक्षिणी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एमसीडी द्वारा बड़े पैमाने पर सीलिंग और तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### गांजा उपलब्ध करवाने वाला अरेस्ट, जेल भेजा



**फरीदाबाद।** 2.100 किलोग्राम गांजा उपलब्ध करवाने के मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने भारत निवासी जिला भागलपुर बिहार को 4 जून को मथुरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुये बताया कि 2 जून को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने निर्मल वासी उत्तमगंज भागलपुर बिहार को आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा सहित काबू किया था, घटनाक्रम के संबंध में थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज किया गया था। जिसने पूछताछ में बतलाया था कि वह मथुरा रेलवे स्टेशन से भारत नाम के व्यक्ति से 15,000 रुपये में गांजा लेकर आया था। जिस पर कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने भारत को मथुरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी भारत ने पूछताछ में बताया कि गांजा कोई व्यक्ति मथुरा रेलवे स्टेशन पर ही उसे 10,000 रुपये देकर गया था। वह पेंटर का काम करता है तथा निर्मल का दोस्त है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### अतिथि अध्यापकों ने रखी अपनी मांग



**फरीदाबाद।** अतिथि अध्यापक संघ की फरीदाबाद इकाई ने जिला अध्यक्ष रघु वत्स की अध्यक्षता में पूर्व सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड को नियमित होने का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अतिथि अध्यापकों ने हाईकोर्ट के हाल ही में हुए निर्णय का हवाला देते हुए नियमित करने की मांग की गई। वत्स ने बताया कि सरकार की तरफ से न्यायालय में पॉलिसी का जोरदार तरीके से पक्ष रखा जिसके परिणाम स्वरूप न्यायलय का परिणाम अतिथि अध्यापकों के पक्ष में अभूतपूर्व निर्णय आया। गौड ने आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह से अतिथि अध्यापकों के साथ हैं जल्द सीएम से मिलकर समाधान निकाला जाएगा। ललित शर्मा, सुन्दर भडाना, मनोज शास्त्री, कमल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# एनसीआरटीसी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, यात्रियों के लिए आयोजित की कई गतिविधियाँ

■ हरित योगदान के लिए प्रतिभागियों को बीजयुक्त कार्ड भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर एनसीआरटीसी ने पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों पर कई रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया। कई मनोरंजक पहलों के माध्यम से यात्रियों को उनके दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, उनके साथ स्वच्छ और बेहतर भविष्य के निर्माण में सार्वजनिक परिवहन की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नमो भारत स्टेशनों पर विशेष घोषणाएं की गईं, और उनके माध्यम से यात्रियों को क्षेत्रीय परिवहन के स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प, नमो भारत को चुनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही, स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विषय पर क्विज प्रतियोगिताएँ भी की गईं जिसमें सभी आयु वर्ग के यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को एक हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण में उनके योगदान के लिए, सराहना स्वरूप विशेष 'सीड-एम्बेडेड कार्ड' (बीज युक्त कार्ड) भेंट किए गए। रीसाइक्ल्ड पेपर से बने इन अनोखे कार्डों को मिट्टी में रोप कर, उनसे पौधे उगाए जा सकते हैं। ये इस विचार का प्रतीक हैं कि छोटे सा छोटा प्रयास भी हरित, स्वच्छ और बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यात्रियों ने इस प्रयास को

### नमो भारत स्टेशन जागरूकता संदेश दिया

*अलग-अलग स्टेशनों पर फोटो बूथ भी लगाए गए, जहां यात्रियों ने बड़े उत्साह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। यात्रियों, विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को इस उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को शानदार बना दिया। इन गतिविधियों के माध्यम से नमो भारत स्टेशन केवल यात्रा के एक स्थान के बजाए जागरूकता, सहभागिता और सकारात्मक संदेश के जीवंत मंच में बदल गए। इसके अलावा, एनसीआरटीसी ने अपने ऑपरेशन्स एवं मेंटेनेंस पार्टनर डीबी आरआरटीएस इंडिया और मेरठ के अहारदा एजुकेशन कॉलेज के सहयोग से बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर 'सस्टेनेबल टेक्सटाइल, सस्टेनेबल फ्यूचर' विषय पर तीन दिवसीय रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को 'सस्टेनेबल फैशन' के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के तहत स्टेशन परिसर में छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, रीसाइक्लिंग और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली से जुड़ी एक रचनात्मक प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही इंटरैक्टिव गतिविधियों, रचनात्मक प्रदर्शनी और जागरूकता सत्र ने इस स्टेशन को एक ऐसे जीवंत सोशल हब में परिवर्तित कर दिया है जहाँ नए विचारों और पर्यावरण के प्रति सचेत जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।*

### जसवंत पवार सैनी ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण प्रेमी पार्षद ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लबगढ़



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर फरीदाबाद महानगर भाजपा पार्टी के जुझारू कार्यकर्ताओं, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं मनोनीत पार्षद जसवंत पंवार सैनी ने पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक पौधा मां के नाम लगाकर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। पार्षद जसवंत सैनी ने अपने बड़े बुजुर्गो और भाइयों के साथ फलदार और छायादार पौधे लगाकर, जूठ के थैले व पौधे वितरित किए।

पौधारोपण के पश्चात सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और भीषण गर्मी के इस दौर में पौधारोपण ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए सबसे सुरक्षित निवेश है। हमारा लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम और स्वच्छ और हरित फरीदाबाद और हरियाणा के सपने को साकार करना है और फरीदाबाद महानगर पर्यावरण प्रकोष्ठ पूरे जिले में इस तरह के अभियान चलाता रहेगा ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे और हम अपनी आने वाली पीढियां को शुद्ध वायु और अच्छा वातावरण दे सके। इस पौधा रोपण में स्थानीय निवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। उपस्थित लोगों ने शपथ ली कि वे न केवल अपने आसपास हरियाली बढ़ाएंगे बल्कि लगे हुए पौधों का भी पालन पोषण करेंगे और उन्हें वृक्ष बनाएंगे। इस मौके अमर रघुवंशी, हरीश, रामकुमार, संजय सैनी, पृथ्वी सिंह, कपिल, नारायण सैनी, सुनील पवार, मुकुल, विशाल, हर्ष सैनी और पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

**सेक्टर-7 और सेक्टर-14 में की कई घोषणाएं, ऑक्सीजन कॉरिडोर, नए ईको वन, वेस्ट मैनेजमेंट परियोजनाओं को मिलेगी गति**

# फरीदाबाद में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में बड़ा कदम, 45 नए ईको वन होंगे विकसितः विपुल




फरीदाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फरीदाबाद के सेक्टर-7 एवं सेक्टर-14 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हरियाणा सरकार के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहींए बल्कि प्रत्येक नागरिक की सांझा जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ्यों के सुरक्षित भविष्य के लिए आज से ही सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और संस्कृति को जोडने वाला एक प्रेरणादायी अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास भी और विरासत भी के विजन के अनुरूप देशभर में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी सतत विकास, हरित भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री विपुल गोयल ने घोषणा करते हुए कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में आगामी 15 दिनों के भीतर 45 नए ईको वन विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सेक्टर-7, 8, 9, 10, 11 और 14 सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए ईको वनों की शुरुआत की जा रही है। इस दौरान पार्षद सचिन शर्मा, मुकेश अग्रवाल, शैफाली सिंघला, करण सिंघल, ज्योति शैलानी, कुलदीप साहनी, जसवंत सैनी, प्रियंका बिष्ट बुधानी, अजीत नंबरदार, रूमा नंबरदार, विष्णु गुप्ता, वासुदेव अरोड़ा एवं वजीर सिंह डागर उपस्थित रहे।

### अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक्सिस बैंक ने स्वच्छता और पौधारोपण अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक्सिस बैंक ने नई दिल्ली के आईटीओ घाट पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता और पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से बैंक ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। भारतीय सेना के सहयोग से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यमुना नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के महत्व को लोगों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम में आदर्श नगर के विधायक राज कुमार भाटिया और मेजर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग सिंह चोस्की भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अभियान में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। यह अभियान एक्सिस बैंक के प्रमुख सस्टेनेबिलिटी प्लेटफॉर्म 'ओपन फॉर द प्लैनेट' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों की भागीदारी, जागरूकता और जमीनी स्तर पर होने वाली पहलों के जरिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड- ब्रांच बैंकिंग, नॉर्थ एवं टीएएससी बिजनेस, रेनॉल्ड डीसूजा ने कहा, कि एक्सिस बैंक में सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली का अहम् हिस्सा भी है। ओपन फॉर द प्लैनेट जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए हम ऐसे प्रयासों को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ग्रेटर नोएडा में ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट विकसित करेंगी गोदरेजः गौरव पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने डीएमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की 23.2 एकड़ रिहायशी ज़मीन पर ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट विकसित करेगी। कंपनी ने ई-नीलामी में कामयाबी मिलने के बाद इस ज़मीन पर अलग-अलग साइज के प्रीमियम रिहायशी अपार्टमेंट बनाए जाने की बात कही। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी और सीईओ गौरव पांडे ने बताया कि कंपनी की रणनीति बड़े शहरों के खास माइक्रो-मार्केट में मौजूदगी बढ़ाने की है। ग्रेटर नोएडा मार्केट में ग्रोथ की संभावनाओं को देखते हुए यह अधिग्रहण किया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तारीक अनवर**, पुत्रः ज़िआउद्दीन अहमद **निवासः J-4/79**, कालकाजी, दक्षिण पूर्व, नई दिल्ली ने **FIR No. 258/16 U/s 419/420/468/471 IPC., थानाः वसंत कुँज नोर्थ, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तारीक अनवर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तारीक अनवर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/16 U/s 419/420/468/471 IPC., थानाः वसंत कुँज नोर्थ, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तारीक अनवर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनिमेष कुमार
जेएमएफसी-02, कमरा नं. 32
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7465/SW/2026
(Court Notice)

### भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मुक्ति के लिए 7 जून को दिल्ली में हिंदू समाज भरे हुंकारः रूप सिंह नागर

# संघर्ष न्यास के आयोजन की धर्मसंसद में पहुंचेंगे देशभर के साधु संत और हिंदू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास 7 जून को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन करेगा जिसमें देश भर से हजारों साधु संतों का जुटान होगा। इस अवसर पर हिंदू समाज अपने आराध्य भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए हुंकार भरेगा। यह बात न्यास के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक एवं धर्म संसद के प्रभारी रूप सिंह नागर ने कही। उन्होंने अनैतिक रूप से भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि पर कब्जा करके बैठे लोगों से देशहित में कब्जा छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिंदुओं के आराध्य एवं भारत की आत्मा के रूप में छवि छोड़ने वाले भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि के साथ हमारे भाव जुड़े हुए हैं जिसकी अनदेखी अब सहन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भगवान राम जन्मभूमि की मुक्ति के बाद अब हम भगवान कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ने जा रहे हैं जिसका आगाज 7 जून को तालकटोरा स्टेडियम पर होने वाली धर्म संसद में होगा। उन्होंने कहा कि हम कब्जे पर बैठे लोगों को दोगुनी जमीन तक देने के लिए तैयार हैं क्योंकि हम समस्या का शांतिपूर्ण हल चाहते हैं। अदालत से तो हम जीतेंगे, इसमें हमें कोई संदेह नहीं है लेकिन इसमें लगने वाली देर के कारण अब हमें भारतीय जनमानस को जगाने का काम शुरू करना है। उन्होंने हिन्दुओं को एकजुट होकर अपने आराध्य की जन्मभूमि की मुक्ति के लिए धर्मसंसद को सफल बनाने की अपील की। वर्षों से न्यास के जरिए अदालती लड़ाई लड़ रहे दिनेश फलाहारी स्वामी के साथ हमने देश के सभी प्रमुख साधु संतों से कार्यक्रम में शामिल होने की प्रार्थना की है।

### एथलीट्स के सिग्नेचर आईवियर में

# जेलन ब्राउन और किलियन एम्बाप्पे के साथ ओकेले ने प्लेयर्स कलेक्शन को बढ़ाया

**गुरुग्राम।** आईवियर ब्रांड ओकले ने अपने प्लेयर्स कलेक्शन को आगे बढ़ाते हुए टीम ओकले के एथलीट्स जेलन ब्राउन और किलियन एम्बाप्पे की नई सिग्नेचर सीरीज पेश की है। कंपनी का कहना है कि ये सीरीज उन एथलीट्स को दर्शाती है जो सिर्फ खेल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेल के इर्द-गिर्द बनने वाले कल्चर को भी प्रभावित करते हैं। जेलन ब्राउन की सिग्नेचर सीरीज ओकले हाईलैंड का हिस्सा है। इसमें प्रिज्म रूबी लेंस दिए गए हैं, जिन्हें तेज धूप से आंखों को पूरी तरह कवर करने और सुरक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्राउन ने कहा कि उनके लिए प्रदर्शन, क्रिएटिविटी और पहचान आपस में जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप खुद को कैसे तैयार करते हैं और दुनिया के सामने कैसे पेश होते हैं। वहीं प्लेयर्स कलेक्शन में अगला नाम फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे का है। एम्बाप्पे ने अपने सिग्नेचर आईवियर को लेकर कहा कि स्टाइल ही किसी की असली पहचान होती है। ओकले खेल के साथ-साथ कम्युनिटी और सोच को भी नया आकार दे रहे हैं।

### खाते में आए थे ठगी के 1.60 लाख रुपए

# निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगी करने के मामले में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निवेश पर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास मलिक निवासी रामपुरा जिला रेवाड़ी हरियाणा के रूप में हुई है। आरोपी को 3 जून 2026 को पंचकूला से गिरफ्तार किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसे एक अज्ञात मोबाइल नंबर द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और लाभ कमाने का लालच दिया गया।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/करनाल/01 करनाल में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास (बलारी बाई-पास)। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/पिपली/01 पिपली (कुरुक्षेत्र) में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/गुरुग्राम/01 सेक्टर-29, गुरुग्राम में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/80/45944/I/88/7 दि. 05.06.26

### स्थानीय लोगों ने किया विरोध

# जीडीए ने डासना इलाके में की अवैध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को डासना देहात, कल्लूगढ़ी,मटियाला में चला। जिसमें कई अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में खसरा संख्या-1618, 1619, 1620, 1627, 1628, 1629 व 1630, ग्राम डासना देहात, कल्लूगढ़ी, गाजियाबाद पर लगभग 44 बीघे में मौ दानिश एवं नितिन, खसरा संख्या-8 व 9, मटियाला, कनौजा की ओर जाने वाले मार्ग पर गाजियाबाद पर लगभग 9000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में धनेश कुमार,चमन प्रकाश व अन्य सहखातेदार, मनोज चौधरी व सुशील चौधरी, अनिल वर्मा, अजय वर्मा पुत्रगण काशी राम व अन्य सहखातेदार, किए गए अनाधिकृत निर्माण/विकास कार्य पर कार्यवाही की गई एवं खसरा संख्या-1630, डासना, निकट कल्लुगढ़ी, जल निगम रोड़, गाजियाबाद पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रवि शंकर शर्मा द्वारा किये जा रहे भवन निर्माण कार्य पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया।

# गैंगस्टर मुन्ना बजरंगी हत्याकांड में गवाही शुरू

**गाजियाबाद।** बागपत जिला जेल में वर्ष 2018 में हुए कुख्यात गैंगस्टर मुन्ना बजरंगी हत्याकांड की सुनवाई में गुरुवार से गवाही शुरू हो गई। सीबीआई की विशेष अदालत में मामले के पहले गवाह के रूप में तत्कालीन जेलर कैलाश चंद्र ने अदालत में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। कैलाश चंद्र वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। आरोपी अलग-अलग जेलों में निरुद्ध हैं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक मुन्ना बजरंगी की हत्या एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। जांच एजेंसी का दावा है कि वारदात को अंजाम देने के लिए जेल परिसर के भीतर एक ही बोर की चार पिस्तौलें पहुंचाई गई थीं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | विभिन्न आकारों के सुपर एनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर और अन्य 1 निविदा। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 10.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आसंडा माइनर के विभिन्न आरडी पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2026 | 19.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | 02 सीएस. क्षमता के डीपी सैट (फाइल्ड मार्शल मेक) की मरम्मत हेतु जॉब/सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | 0.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | गोधड़ी लिंक ड्रेन पर रोड के नीचे पाइप लाइन की क्रॉसिंग और सम्प वैल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050805156 xenjwsdnjjr@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग हरियाणा के एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी हेतु हार्डवेयर और विद्युत मदों की आपूर्ति। | 05.06.2026 18.06.2026 | 35.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 04.06.2026 11.06.2026 | 206.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 04.06.2026 11.06.2026 | 51.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | खेत खलिहान सड़क योजना के तहत गांव खरक खुर्द में खेत खलिहान रास्ता का निर्माण, जीपी + 1 कार्य। | 03.06.2026 08.06.2026 | 74.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | महिला एवं बाल विकास हिसार | डीपीओ और डब्ल्यूसीडीपीओएस के कार्यालय हेतु वाहन को किराये पर लेना। | 04.06.2026 14.06.2026 | ईएमडी 80000/ | https://wcdhry.gov.in/ | 9466150800 pohsr.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/180/45964/I/88/7 दि. 05.06.26

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में फंदे पर लटका मिला युवक

लखनऊ। मुझे अपने साथ ले लो, यहां अपना कोई नहीं... कुछ ऐसा इंस्टाग्राम पर लिखकर



मोहनलालगंज के हीरालालखेड़ा निवासी विकास यादव (19) ने फंदा लगाकर जान दे दी। विकास ने आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है। विकास के पिता विनीत कुमार ने विकास एक प्राइवेट अस्पताल में काम करते थे। रोज की तरह बृहस्पतिवार रात वह ड्यूटी पर अस्पताल चले गए।

### सरकारी जमीन पर बनी अवैध मजार पर बुलडोजर

संभल। प्रशासन ने सरकारी भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर बनाई मजार को ध्वस्त कर भूमि को



कब्जामुक्त करा लिया। गुन्नौर तहसील के बाघऊ गांव में 'खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार' के संबंध में राजस्व विभाग को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम सभा की ओर से अजीज के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था।

### डेढ़ क्विंटल मछली समेत जलीय जीवों की मौत

गिरिडीह। जमुआ प्रखंड के जगन्नाथडीह मिर्जागंज स्थित जलीय सूर्य मंदिर परिसर के तालाब में मछलियों



समेत अन्य जलीय जीवों की मौत का मामला सामने आया है। पिछले 24 घंटे में करीब डेढ़ क्विंटल मछलियों समेत कछुआ, मेढक व सांप भी मर गए हैं। इतने बड़े पैमाने पर जलीय जीवों की मौत से तालाब में जहरीला पदार्थ डाले जाने की आशंका जताई जा रही है।

---

यूपीडा ने नन-परफॉर्मिंग आवंटियों पर की सख्त कार्रवाई

# कार्य प्रारंभ न करने पर अलीगढ़ डिफेंस नोड में 3 भूमि आवंटन रद्द

एजेंसी ▸▸ अलीगढ़



यूपी में रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निवेश की गति बढ़ाने पर बड़ा जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में सरकार ने परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने तथा निवेशकों के बीच जवाबदेही स्थापित करने के उद्देश्य से एक्शन शुरू कर दिया है। यूपी एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ फेज-1 डिफेंस नोड में तीन कंपनियों के भूमि आवंटन रद्द कर दिए हैं। कंपनियों की ओर से भूमि आवंटन के लगभग 5 साल बाद भी निर्माण एवं औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ न किए जाने पर कार्रवाई की गई है। सरकार की औद्योगिक विकास नीति के अनुरूप डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में आवंटित भूमि का उपयोग केवल रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण गतिविधियों के लिए किया जाना है।

---

# गोरखपुर में बाप ने बेटे-बेटी को दिया जहर, दोनों की मौत

गोरखपुर में एक पिता ने दिल दहला देने वाली वारदात की है। उसने अपने दो मासूम बच्चों को जहर देकर मार डाला। पुलिस दादा की तहरीर पर आरोपी पिता को पकड़ लिया है।

## यूपी में दिल दहलाने वाली घटना

एजेंसी ▸▸ गोरखपुर

जिले में गीडा थाना क्षेत्र के बरवार खुर्द गांव में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। आरोप है कि एक पिता ने अपने दो मासूम बच्चों को जहरीला पदार्थ



पिला दिया, इलाज के दौरान दोनों की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। पुलिस ने बच्चों के दादा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित पिता को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, बरवार खुर्द गांव निवासी सत्यम कुमार ऑटो चलाता है। गुरुवार शाम करीब छह बजे सत्यम घर पहुंचा, उस समय पत्नी काम पर गई हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान उसने अपने दो बच्चों प्राची (8 वर्ष) और अक्षत (साढ़े चार वर्ष) को जहरीला पदार्थ पिला दिया। इस दौरान उसने बड़ी बेटी प्रज्ञा (11 वर्ष) को भी जहर पिलाने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग गई। कुछ देर बाद दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। परिवरीजनों को जब जानकारी हुई तो वे लोग दोनों बच्चों को जिला अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान पहले अक्षत की मौत हुई, जबकि करीब आधे घंटे बाद प्राची ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चों के दादा अनिल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित पिता सत्यम को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी है।

### *दोनों बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया*

*एसपी नार्थ ज्ञानेन्द्र ने बताया कि बरवार गांव के अनील कन्नौजिया ने पुलिस को सूचना दी कि उनके बेटे ने अपने दो बच्चों को जहर दे दिया है। गीडा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। दोनों बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।*

---

बरसात के पानी की एक-एक बूंद को सुरक्षित करने का प्रयास करें

# हम योजना को आगे बढ़ाते तो कोई टोटी चोरी कर ले जा रहा, बोलते ही मुस्कुराने लगे सीएम योगी

*लखनऊ में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम योगी ने लोगों को संबोधित किया। कोई टोटी चोरी कर रहा है बोलते ही सीएम योगी खुद ही मुस्कुराने लगे। सीएम योगी ने अपने इस भाषण से विपक्ष पर निशान भी साधा।*

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



पांच जून को सीएम योगी का जन्मदिन था और विश्व पर्यावरण दिवस भी। इस मौके पर लखनऊ में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण महाभियान-2026 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर लोगों को संबोधित किया। सीएम योगी का भाषण जारी ही था कि बोलते-बोलते सीएम योगी कुछ ऐसा कह गए कि वह खुद ही मुस्कुराने लगे। सीएम योगी ने इशारों ही इशारों में विपक्ष पर निशाना भी साध गए। हर घर जल नल योजना का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा, हमने योजना को आगे बढ़ाया तो पता लगा कि कोई टोटी ही चोरी कर ले जा रहा है तो कोई दूसरे तरीके से नुकसान कर रहा है। कहीं नल खुला है तो खुला ही पड़ा है। इतना कहते ही मुख्यमंत्री के चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आ गई। दरअसल सीएम योगी का इशारा सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर था। हालांकि पूरे भाषण में सीएम योगी ने अखिलेश का नाम नहीं लिया। लेकिन अपने भाषण के दौरान टोटी चोरी का जिक्र करते हुए सीएम योगी खुद को मुस्कुराने से रोक नहीं पाए।

### *नौ साल में यूपी में लगाए गए 242 करोड़ पौधे*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश के अंदर वन महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण के क्रम में अब तक 242 करोड़ पौधरोपण के एक बड़े कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा चुका है। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति और मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की शुरुआत तीन वर्ष पहले की थी। उसी अभियान की कड़ी में आज फिर उप्र में यह आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा 'जननी और जन्मभूमि के प्रति कृतज्ञता हर नागरिक का दायित्व है। पर्यावरण की रक्षा मातृभूमि के प्रति हमारे सर्वोच्च दायित्वों में से एक है।' उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए एक ओर वृहद पैमाने पर पौधरोपण करना और दूसरी ओर पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के समाधान के लिए कई कदम उठाए गए हैं। एकल उपयोग प्लास्टिक पर रोक लगाने पर जोर देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, एकल उपयोग प्लास्टिक को हतोत्साहित करने और उसके स्थान पर वैकल्पिक रूप में मिट्टी के बर्तन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं।*

### *सीएम योगी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान किया शुरू*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को कुकरैल रेंज अवध वन प्रभाग में 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने यहां कपूर का पौधा लगाया जबकि वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना ने आंवला, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने नीम तथा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने आंवला का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने यहां महर्षि चरक औषधि वन की भी स्थापना की। योगी ने जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि बरसात के पानी की एक-एक बूंद को सुरक्षित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पेड़ को क्षति न पहुंचाएं और हर महत्वपूर्ण आयोजन पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।*

### *उत्तर प्रदेश को स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना की सौगात*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश को कई बड़ी सौगातें दीं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए कार्यक्रम में विश्व बैंक के सहयोग से 2741 करोड़ की लागत वाली भारत की पहली 'एयर शेड आधारित उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंध परियोजना' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के सामने विश्व बैंक में एशिया क्षेत्र की प्रैक्टिस मैनेजर एन. जैनेट ग्लोबर व सीईओ यूपी कैंप बी.चंद्रकला ने एमओयू का हस्तांतरण किया।*

---

कोचिंग के बाहर छात्रों का हुजूम

# खान सर की गिरफ्तारी के लिए छात्रों के छुट्टी का इंतजार?

एजेंसी ▸▸ पटना



पटना के मशहूर कोचिंग शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर किसी भी समय गिरफ्तार हो सकते हैं। खान ग्लोबल स्टडीज सेंटर के बाहर हुई फायरिंग मामले की एफआईआर में पटना पुलिस ने खान सर को नामजद कर दिया है। उन पर हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। पटना पुलिस ने आज दोपहर बयान जारी कर कोचिंग सेंटर की प्रतिस्पर्धा की लड़ाई में छात्र-छात्राओं को किसी के बहकावे नहीं आने की अपील की है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस गिरफ्तारी के लिए शाम ढलने का इंतजार कर रही है, तब तक सभी कोचिंग सेंटर पर छात्रों की छुट्टी हो जाती है।

### *प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान ज्ञान बिंदु एकेडमी से हुआ था विवाद*

*बिहार पुलिस सिपाही भर्ती का रिजल्ट आने के बाद खान सर का अपने प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान ज्ञान बिंदु एकेडमी से विवाद हुआ था। मंगलवार देर रात को खान सर के कोचिंग सेंटर पर तोड़फोड़ और पथराव हुआ था। उस मामले में ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद समेत 3 को गिरफ्तार किया गया। अगले दिन ज्ञान बिंदु ने उसी रात का एक वीडियो जारी किया, जिसमें खान सर के दो बॉडीगार्ड हवा में फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने वीडियो की सत्यता जांच कर दोनों गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। अब खान सर के भी इसी मामले में जेल जाने का खतरा मंडरा रहा है।*

### *पटना कोचिंग फायरिंग मामले में पुलिस का बयान*

*पटना में खान सर के कोचिंग सेंटर पर फायरिंग मामले में पुलिस के बयान पर भी सवाल उठ रहे हैं। पटना पुलिस ने 2 जून के बयान में गोलीबारी की बात से इनकार किया था। 4 जून को जब फायरिंग का वीडियो सामने आया, तो पुलिस ने उसमें दिख रहे खान सर के दोनों गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी एफआईआर में फायरिंग की पुष्टि पुलिस ने कर दी। खान सर और उनके दोनों गार्ड को आरोपी बनाया गया।*

---

## पेज एक का शेष

### बैंक डूबा... तो अब...

मन में अपने पैसे की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे थे। वित्त मंत्रालय ने इसका प्रस्ताव पीएमओ को भेज दिया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सरकार का यह नया कदम बैंकिंग सिस्टम में जमाकर्ताओं का भरोसा कई गुना बढ़ा देगा।

### डीआईसीजीसी खाताधार ...

डीआईसीजीसी असल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ही एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था है। इस संस्था का मुख्य काम देश के सभी रजिस्टर्ड बैंकों (जिनकी संख्या मार्च 2026 तक 1,950 है) में जमा आम जनता के पैसों का बीमा करना है। इसका पूरा प्रीमियम खुद बैंक चुकाते हैं। अगर कोई बैंक पूरी तरह कंगाल हो जाता है या बंद होता है, तो कानूनन डीआईसीजीसी की यह जिम्मेदारी होती है कि वह प्रभावित ग्राहकों को उनका पैसा वापस लौटाए। वित्तीय वर्ष 2026 में ही डीआईसीजीसी ने संकट में फंसे 72 अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों के ग्राहकों के 1,988 करोड़ के क्लेम सेटल किए हैं।

### वित्त वर्ष 2026 में ...

रियल जीडीपी ग्रोथ 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो फरवरी में लगाए गए 7.6 फीसदी के अनुमान से बेहतर है। वहीं, इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है।

### सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग ...

जबकि सेकंडरी सेक्टर में 8.8% और टर्शियरी (सेवा) सेक्टर में 9.3% की शानदार बढ़ोतरी देखी गई। मैन्युफैक्चरिंग, होटल, ट्रांसपोर्ट, फाइनेंशियल और रियल एस्टेट जैसी सेवाओं ने चालू और स्थिर दोनों कीमतों पर डबल डिजिट (दोहरे अंकों) में विकास दर हासिल की है। इस साल रियल जीडीपी का कुल आकार बढ़कर 323.12 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में 299.89 लाख करोड़ रुपए था। खास बात यह है कि ये नए आंकड़े 2022-23 के बदले हुए नए बेस ईयर के आधार पर जारी किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चौथी तिमाही के ये मजबूत आंकड़े देश के औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र के लिए भविष्य में बेहद सकारात्मक संकेत हैं।

### सूरत की बदलेगी...

योगदान 50 गीगावाट है, जो भारत की कुल हरित ऊर्जा क्षमता का लगभग पांचवां हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गुजरात अब सौर ऊर्जा से आगे बढ़कर ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया उत्पादन का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है, जो देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### गिलगित-बाल्टिस्तान में...

पूर्ण, वैध और अपरिवर्तनीय विलय के साथ जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बना था। ऐसे में अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति में बदलाव लाने की पाकिस्तान की सभी कोशिशों को भारत सिरे से खारिज करता है।

### अन्नामलाई ने छोड़ी...

नहीं पड़ेगा। नागेंद्रन ने भाजपा की सांगठनिक शक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा कि पार्टी अपनी गति से आगे बढ़ती रहेगी। अन्नामलाई ने घोषणा की है कि उनका नया आंदोलन 'व्यक्ति-केंद्रित' राजनीति से हटकर 'कॉमन-मैन पॉलिटिक्स' (आम आदमी की राजनीति) को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि देश को अब ऐसी राजनीति की आवश्यकता है जो एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमने के बजाय सामूहिक विजन पर आधारित हो। उन्होंने साफ किया कि वे एक पारदर्शी और नैतिकता पर आधारित राजनीति की नींव रखना चाहते हैं। पार्टी छोड़ने से पहले अन्नामलाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया, मैं इस्तीफा पत्र भेजकर चुप बैठने वालों में से नहीं हूँ। मैंने अमित शाह के सामने तमिलनाडु को लेकर अपनी चिंताएं और पार्टी के साथ वैचारिक मतभेद साझा किए थे। इसके बाद ही उन्होंने यह कदम उठाया। अन्नामलाई ने एक और बड़ा ऐलान किया है। वे 'एपीजे अब्दुल कलाम एथिक्स इन पॉलिटिक्स' नाम से एक संस्थान शुरू करेंगे। इसका उद्देश्य भविष्य के ऐसे नेताओं को तैयार करना है जो नैतिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध हों। साथ ही, उन्होंने कहा कि उनकी नई पार्टी में नेतृत्व पदों के लिए कार्यकाल की सीमा तय होगी, ताकि परिवारवाद की राजनीति को रोका जा सके।

### 15.15 लाख करोड़...

आंतरिक रिकॉर्ड के आधार पर सत्यापित नहीं किया जा सका। जांच एजेंसियों और फॉरेंसिक ऑडिटरों को कथित तौर पर लेन-देन संबंधी रिकॉर्ड, ग्राहक-वार बिक्री आंकड़े, सप्लायर रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक पूरी पहुंच नहीं दी गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नियामक संस्थाओं को समय रहते ऐसे मामलों का संज्ञान लेना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारी गिरावट आई है, जिससे छोटे निवेशकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि क्या बड़े संस्थागत निवेशकों को पहले से चेतावनी संकेत मिल गए थे, जबकि आम निवेशक नुकसान झेलने के लिए छोड़ दिए गए। पवन खेड़ा ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार यह चेतावनी देते रहे हैं कि देश में क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा मिल रहा है और नियामक संस्थाओं की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला भी उसी प्रवृत्ति का एक और उदाहरण प्रतीत होता है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से पांच प्रमुख सवाल पूछते हुए जानना चाहा है कि यदि वास्तविक लेन-देन और रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं थे तो कंपनी वर्षों तक इतने बड़े राजस्व का दावा कैसे करती रही। पार्टी ने यह भी पूछा कि वित्तीय खुफिया इकाई, सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और अन्य एजेंसियों ने निगरानी के स्तर पर क्या भूमिका निभाई ? कांग्रेस ने मांग की कि सरकार इस पूरे मामले पर स्पष्ट जवाब दे और यह बताए कि क्या किसी स्तर पर नियामकीय विफलता हुई, जिसके कारण कथित अनियमितताएं वर्षों तक जारी रहीं। पार्टी का कहना है कि निवेशकों, शेयरधारकों और आम नागरिकों का वित्तीय संस्थाओं पर भरोसा बनाए रखने के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। हालांकि, इस मामले में अंतिम निष्कर्ष अभी आना बाकी है और सेबी द्वारा आगे की जांच तथा फॉरेंसिक ऑडिट की प्रक्रिया जारी है।

### मुख्यमंत्री ने 2,738 करोड़...

मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं न केवल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, बल्कि हरियाणा की कृषि व्यवस्था को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री सैनी के साथ इस दौरान प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे। दोनों ने इससे पहले प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया, साथ ही बागवानी विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीआईसीए के मुख्य प्रतिनिधि टाकेची टकूरो, फर्स्ट सेकेरट्री फूड एंड एग्रीकल्चर टाकेहिको हयासे तथा ब्रिटिश डिप्टी हाईकमीश्नर ऐलबा स्मीरिग्लयो मौजूद थे। तीनों ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार द्वारा किसान हित में उठाये गये कदमों की तारीफ की। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज का दिन केवल दो परियोजनाओं के शुभारंभ का नहीं, बल्कि हरियाणा के कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक नई दिशा तय करने का दिन है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में जलभराव एवं सेम की समस्या के समाधान के लिए बायोड्रेनेज तकनीक का उपयोग करते हुए इस वर्ष 1,000 हेक्टेयर जलभराव प्रभावित भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा, जिससे भूमि पुनः कृषि योग्य बन सकेगी। इसके साथ ही भूमिगत जल संरक्षण के लिए शिवालिक एवं अरावली क्षेत्रों में 25 नए जल भंडारण बांध बनाए जाएंगे तथा 25 पुराने बांधों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। हरियाणा में 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस बनेंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में फलों और सब्जियों का 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा खेत से बाजार तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाता है। इस चुनौती का समाधान सतत बागवानी संवर्धन परियोजना के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना के तहत 400 बागवानी क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, 500 उत्पादक समूहों को संगठित एवं सशक्त बनाया जाएगा, 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस, 3 फुलफिलमेंट सेंटर तथा 44 रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 1,000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा तथा 65,000 एकड़ क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा।

### भारत ने सालों तक...

कार्यालय (यूएसटीआर) के मुख्य वार्ताकार की अगुवाई में एक टीम बीते 1 से 4 जून तक भारत की यात्रा पर थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बेहद सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत हुई है। हम आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में इस मामले पर चर्चा और आगे बढ़ेगी। अंतरिम व्यापार समझौते को पूरा करने के लिए दोनों पक्षों ने अपनी प्रतिबद्धता जताई है। रणधीर ने मामले पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए एक बयान का भी उल्लेख किया।

**हार्ले डेविडसन पर लगाया 200% टैक्स:** अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने बयान में कहा कि भारत ने हमारी कंपनियों पर बड़ी मात्रा में टैक्स लगाया है। जबकि इसकी तुलना में हमने ऐसा कुछ नहीं किया यानी अमेरिका ने भारत पर कोई टैक्स नहीं लगाया। उन्होंने खासतौर पर अमेरिकी बाइक कंपनी हार्ले डेविडसन की मोटरसाइकिल की मिसाल देते हुए कहा कि नई दिल्ली ने इस पर 200% का टैरिफ लगाया था। जिसकी वजह से बीते वक्त में ये कंपनी भारत में अपनी मोटरसाइकिलों की बिक्री नहीं कर सकी। यह केवल ऊंचा टैरिफ ही था। जिसकी वजह से अमेरिका की आईकॉनिक कंपनी अपने दो पहिया उत्पाद भारत में नहीं बेच पाई। अंत में हार्ले डेविडसन को अपना उत्पाद बेचने के लिए भारत जाना पड़ा और वहां प्लांट लगाना पड़ा। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, फिर भी ऐसा हुआ। लेकिन यह मेरे कार्यकाल से पहले की बात है। उन्होंने कहा, इसके जवाब में अमेरिका की नीतियां वर्तमान में बिलकुल बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मोटरसाइकिल ब्रैंड यहां अमेरिकी बाजार में आकार अपनी मोटरबाइक बेच सकते हैं और उन पर भारी-भरकम टैक्स या टैरिफ भी नहीं लगता है। अब स्थिति बिल्कुल उलट है। हम भारत से काफी मुनाफा कमा रहे हैं।


**कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ी जोड़ तोड़:** 7 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर अंतरिम व्यापार समझौते के पहले चरण से जुड़े तंत्र को अंतिम रूप देने का ऐलान किया था। जिसके तहत अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% करने का निर्णय लिया। साथ ही मास्को से नई दिल्ली की तेल खरीद पर लगाए गए 25% टैरिफ को हटाया गया। इन सबके बीच अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ की समूची व्यवस्था को रद्द कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने 24 फरवरी से विश्व के तमाम देशों पर 150 दिन के लिए 10% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पूरे घटनाक्रम के बीच भारत, अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

---

लापरवाही पर एमडी का सख्त रुख

# समीक्षा बैठक में बिजली विभाग के 5 इंजीनियरों के खिलाफ ऐक्शन

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने गुरुवार को यहां मनकापुर स्थित आईटीआई गेस्ट हाउस में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सख्त रुख अपनाया। बैठक में बिजली आपूर्ति व्यवस्था, सौभाग्य योजना फेस-3 के तहत विद्युतीकरण कार्य, आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त लाइनों व ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन, नए विद्युत संयोजनों की प्रगति, राजस्व वसूली और बिजली चोरी रोकने के प्रयासों की समीक्षा की गई। एमडी ने पांच इंजीनियरों के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए चार्जशीट जारी की है। एमडी ने विगत वित्तीय वर्ष में जनपद गोंडा की राजस्व वसूली में हुई वृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना तथा वसूली को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। वहीं बिजनेस प्लान के अंतर्गत वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि एवं उनके प्रोटेक्शन संबंधी कार्य समय से पूर्ण न होने पर नाराजगी जाहिर की। एक्सईएन मनकापुर कमर फारूक तथा एक्सईएन नवाबगंज राम शब्द को कड़ी चेतावनी देते हुए 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपखंड अधिकारी मनकापुर अंसल कुमार, गौरा चौकी अमित कुमार, नवाबगंज पीयूष सिंह, तरबगंज मुकेश कुमार तथा वजीरगंज विकास यादव के कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर उन्हें चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए गए। एमडी ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों और उपभोक्ता सेवाओं में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

प्रदेश में छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला

# पूनम को मिर्जापुर व यमुना को कानपुर रेंज की जिम्मेदारी




एजेंसी ▸▸ लखनऊ

डीजीपी मुख्यालय ने शुक्रवार को 6 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया, जिनमें एक आईजी और छह डीआईजी शामिल हैं। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) में तैनाती के बाद उनकी जगह सीआईडी में डीआईजी अशोक कुमार चतुर्थ को भेजा गया है। अमित पाठक को राज्य सरकार जल्द एनएसजी के लिए कार्यमुक्त कर सकती है। इसी तरह मिर्जापुर रेंज के डीआईजी राकेश प्रकाश सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद पीटीएस मेरठ की प्रधानाचार्य पूनम को मिर्जापुर भेजा गया है। कानपुर रेंज की जिम्मेदारी पीटीएस मुरादाबाद के डीआईजी यमुना प्रसाद को सौंपी गई है। कानपुर रेंज के डीआईजी हरीश चन्दर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन भेजा गया है। सीआरपीएफ से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि पूरी किए बिना वापस भेजे गए रवि शंकर छवि को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी लोक शिकायत बनाया गया है। वह वापस आने के बाद से प्रतीक्षारत चल रहे थे। वहीं भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात डीआईजी सचिंद्र पटेल को आगरा कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

---

# कंबोडिया की मानव तस्करी के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हैं मेरठ के अलेक व शुभम के तार

## मामले में ईडी की गहन जांच जारी



एजेंसी ▸▸ मेरठ

कंबोडिया से जुड़े मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी से भी अलेक रजा व शुभम चौधरी के संबंध उजागर हुए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने भारत और कंबोडिया में सक्रिय एक संगठित गिरोह के खिलाफ मनी लॉड्रिंग की जांच के तहत आरोपितों से पूछताछ की। यह गिरोह मानव तस्करी, साइबर अपराध से अर्जित धन को वैध बनाने यानि मनी लॉड्रिंग में शामिल है। ईडी को मिली खुफिया सूचनाओं के आधार पर राज्य पुलिस के सहयोग से संदिग्ध व्यक्तियों और उनके आवासों की तलाशी का अभियान चलाया गया। अलेक रजा और शुभम चौधरी विदेश में आकर्षक रोजगार दिलाने का झांसा देकर लोगों को कंबोडिया भेजने में मदद करते थे।

### *ईडी ने मानव तस्करी, साइबर धोखाधड़ी मामले में पूछताछ की*

*जांच एजेंसियों का मानना है कि काफी संख्या में भारतीय नागरिकों को नौकरी के नाम पर विदेश ले जाकर जबरन साइबर धोखाधड़ी जैसे अवैध कार्यों में लगाया जाता है। ईडी का यह मामला दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे और चार्जशीट के आधार पर दर्ज किया गया है। एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े वित्तीय लेन-देन और अपराध से अर्जित संपत्तियों की भी जांच कर रही है। ईडी की दो टीमों ने अलेक रजा के आवास मवाना और शुभम चौधरी के निवास सांधन पर पहुंचकर पड़ताल की है।*

### *सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को तैनात किया गया था*

*अलेक रजा और उसके पिता से ईडी की टीम ने घंटों पूछताछ की। उनके बैंक खातों और संपत्तियों की जांच की गई है। साथ ही शुभम चौधरी के परिवार से भी बैंक खातों के अलावा संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई। ईडी को संदेह है कि दोनों आरोपित अवैध तरीके से कमाई गई रकम को अपने रिश्तेदारों को भी मुहैया करा सकते हैं। इसलिए इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए ईडी दोनों आरोपितों के बारे में गहन पड़ताल कर रही है। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को तैनात किया गया था।*



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style


# तमन्ना

## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



हॉलीवुड मसाला




# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन


# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

खबर संक्षेप

## शिक्षकों और कर्मियों के तबादला आवेदन 8 तक

**भोपाल।** स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्थानांतरण आवेदनों के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन 3 से 8 जून तक पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक स्थानांतरण के लिए अधिकतम 15 कार्यालयों/संस्थाओं का चयन कर सकेंगे। आवेदन में दर्शाए गए कारणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। एक बार आवेदन सबमिट होने के बाद उसमें संशोधन नहीं किया जा सकेगा। आवेदन में गलत जानकारी या सत्यापन में अनियमितता पर कर्मचारी, सत्यापन अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बांधवगढ़: नियम तोड़े तो 1 माह के लिए गाड़ी बैन

**भोपाल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले पर्यटकों, गाइड और वाहन चालकों पर अब वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई होगी। फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय ने एक बैठक के बाद सफारी के दौरान नियम तोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वन्यजीवों के अत्यधिक समीप जाने पर संबंधित वाहन को एक माह तक रिजर्व में प्रवेश से प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही आर्थिक जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## भोपाल में फायर एनओसी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में होटल और रेस्टोरेंटों की फायर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि शहर में संचालित हजारों होटल और रेस्टोरेंटों में से अधिकांश के पास फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कांग्रेस द्वारा जारी बयान में दावा किया गया है कि भोपाल में करीब 3200 होटल और रेस्टोरेंट संचालित हैं, लेकिन इनमें से केवल 38 के पास ही फायर एनओसी है।

## बाथरूम से गिरा कैदी इलाज के दौरान मौत

**जगदलपुर।** केंद्रीय जेल जगदलपुर में नक्सल मामले में सजा काट रहा एक कैदी बीती रात बाथरूम में फिसलकर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान कैदी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों को मामले की जानकारी दे दिया गया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगापुर में रहने वाला रमेश कुंजाम 35 वर्ष को नक्सल मामले में जेल हो गई थी, जिसके ऊपर नक्सल मामले को लेकर 3 मामले चल रहे थे। नक्सल मामले होने के कारण रमेश को केंद्रीय जेल दंतेवाड़ा में रखा गया था। लेकिन नवंबर 2025 में उसे जगदलपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। रमेश बाथरूम करने के लिए गया हुआ था। जहां बाथरूम में बिखरे पानी में उसका पैर फिसल गया और गिर पड़ा।


# घर बैठे कार्यकर्ता के काम को नेतृत्व ने पहचाना, यही भाजपा की ताकत: रजनीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। रजनीज अग्रवाल ने उम्मीदवार घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। उनके साथ विधायक भगवान दास सबनानी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने से पहले हरिभूमि से रजनीश अग्रवाल ने बात की उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं का धन्यवाद दिया। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...

हरिभूमि चर्चा

### भाजपा में चेहरा नहीं, काम बोलता है, यहां सिफारिश नहीं चलती, नेतृत्व अद्भुत है



रजनीश अग्रवाल

**सवाल:** आपने कहा कि नेतृत्व ने घर बैठे आपका काम पहचान लिया। कैसे?

**जवाब:** जी, मैं ईश्वर को साक्षी मानकर कह रहा हूं कि मैं न कभी दिल्ली गया, न प्रदेश कार्यालय। किसी बड़े नेता से मिला भी नहीं। घर पर रहकर ही संगठन का काम करता रहा। फिर भी पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व ने मेरे काम और प्रतिबद्धता का आकलन किया।

**सवाल:** आपने नेतृत्व को देवतुल्य क्यों कहा?

**जवाब:** क्योंकि देवताओं की तरह हमारा नेतृत्व कार्यकर्ता की निष्ठा को खुद परख लेता है। उन्हें बताना नहीं पड़ता। भाजपा में चेहरा नहीं, काम बोलता है। यहां सिफारिश नहीं चलती, समर्पण देखा जाता है। नेतृत्व अद्भुत है।

**सवाल:** इस व्यवस्था से कार्यकर्ताओं को क्या संदेश मिलता है?

**जवाब:** यही कि ईमानदारी से काम करते रहिए। नेतृत्व सब देख रहा है। मुझे किसी के दरवाजे पर जाना नहीं पड़ा। यह संगठन की आंतरिक मजबूती है। पार्टी में कार्यकर्ता ही असली ताकत है।

**सवाल:** आखिर में कुछ कहना चाहेंगे?

**जवाब:** बस इतना ही कि इस व्यवस्था के बारे में मैं इसके अलावा कुछ कह नहीं सकता।

### ऐसा रहा राज्यसभा उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल का सफर

भाजपा संगठन को डिजिटल रूप देने में रजनीश अग्रवाल की अहम भूमिका रही है। इससे पहले दिनेश अग्रवाल ने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ काम किया था। रजनीश अग्रवाल ने त्रिदेव मॉडल तैयार कर पार्टी के 64,000 से अधिक बूथों की मैपिंग की। इस डिजिटल मैपिंग से भाजपा को हर पन्ना प्रमुख और ब्लॉक प्रमुख की सटीक जानकारी मिलती है।
साथ ही यह भी तय होता है कि हर बूथ पर कितने नेताओं की जिम्मेदारी है। इस पूरे डिजिटल सिस्टम की वजह से भाजपा को 2023 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में काफी मदद मिली। डेटा आधारित रणनीति से संगठन ने जमीनी स्तर पर बेहतर प्रबंधन किया। इसी काम के बाद रजनीश अग्रवाल को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही प्रदेश के कई महत्वपूर्ण मामलों की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है। भाजपा का त्रिदेव मॉडल बूथ प्रबंधन का डिजिटल आधार बना। इससे पन्ना प्रमुख से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक सीधी जानकारी पहुंचती है। संगठन का मानना है कि डिजिटल ताकत ने चुनावी जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।

### युवा वर्ष के लिए उच्च शिक्षा सहित संबंधित विभाग करें आवश्यक तैयारी

# प्रदेश में नैक की तर्ज पर गठित करें सैक: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**रोजगार परक पाठ्यक्रमों पर फोकस किया जाए**

उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- शहरी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की आवश्यकता के अनुसार नए महाविद्यालय शुरू किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की आवश्यकता के अनुसार नए महाविद्यालय शुरू किए जाएं। जिन सघन आबादी वाले क्षेत्रों में महाविद्यालय संचालित हैं, वहां विद्यार्थी संख्या बढ़ने पर शिक्षण में शिफ्ट व्यवस्था भी लागू करने पर विचार किया जाए। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तर्ज पर राज्य परिषद अथाज़्त सैक के गठन की कार्यवाही शुरू की जाए। रोजगार परक पाठ्यक्रमों पर फोकस किया जाए। आने वाला वर्ष युवा वर्ष होगा, इस नाते अन्य संबंधित विभागों के साथ विद्यार्थियों के हित में नए कार्यक्रमों और प्रकल्पों को लागू करने की तैयारी भी की जाए।



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री परमार।

### उच्च शिक्षा में गुणवत्ता में निरंतर सुधार के कदम उठाए जाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता में निरंतर सुधार के कदम उठाए जाएं। पीएमश्री महाविद्यालयों में भी इस दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। अन्य सभी शासकीय महाविद्यालयों में भी शिक्षण और अन्य गतिविधियों का सुचारू संचालन होता रहे, इस पर ध्यान दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में इंदौर, उज्जैन और चित्रकूट में तीन वर्षीय विमानन पाठ्यक्रम बीबीए शुरू किया

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुछ निर्देश दिए। इनमें महाविद्यालय और विवि में रोजगार परक पाठ्यक्रम के संचालन पर जोर हो। पार्ट टाइम महाविद्यालय संचालित किए जाएं। प्रातः और शाम की शिफ्ट में कॉलेज चलाए जा सकते हैं। आवश्यकता के अनुसार सांदीपनि विद्यालयों के भवन में भी महाविद्यालय संचालित करें। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए कॉउंसलिंग की भी व्यवस्था हो।

### मेट्रो रेल यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग का लें सहयोग : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल संचालन के प्रथम चरण के कार्य पूर्ण होने के बाद परियोजना के आगामी चरणों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। सघन आबादी के क्षेत्रों और कामकाजी नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए मेट्रो रेल व्यवस्था एक वरदान है। प्रदेश की राजधानी भोपाल और प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र इंदौर में मेट्रो रेल यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए।



**छात्रों पर ध्यान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों सहित अन्य नागरिकों के लिए प्रबंध होने से मेट्रो रेल का उपयोग बढ़ेगा। इन प्रयासों में पर्यटन विभाग सहित मेपकास्ट की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

**भोपाल मेट्रो परियोजना**

बैठक में बताया गया कि भोपाल मेट्रो रेल परियोजना में फेज-1 में सुभाष नगर से एम्स तक दिसम्बर 2025 से संचालन हो रहा है। इस ट्रेक पर 7.1 किलोमीटर क्षेत्र में 8 एलिवेटेड स्टेशन बनाए गए हैं। फेज-2 में सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक 9.64 से किलोमीटर सेक्शन में कार्य हो रहा है, जो जून 2028 तक पूर्ण होना प्रस्तावित है। इस सेक्शन में 6 एलिवेटेड और दो भूमिगत स्टेशन होंगे।

## पतंजलि और इंडोनेशिया के हिंदू विवि में ऐतिहासिक समझौता



**हरिद्वार।** सनातन संस्कृति, योग और आधुनिक शिक्षा के वैश्विक विस्तार में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। पतंजलि योगपीठ और इंडोनेशिया के एकमात्र हिंदू विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी हिंदू नेगरी के बीच इंडोनेशिया में एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान के सेतु का निर्माण करेगी, बल्कि बाली की धरती पर सनातन और योग के वैभव को पुनर्जीवित करने में मील का पत्थर साबित होगी। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण की अगुवाई में हुआ यह समझौता वैश्विक स्तर पर संस्कृति आधारित विकास का एक अनूठा मॉडल पेश करता है।शैक्षणिक और योग अनुसंधान पर सहमति- इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए 'स्ट्रेट सेशन' (सीधे सत्र) के साथ-साथ अनुसंधान और योग प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन पर सहमति बनी है। आपको बता दें कि इंडोनेशिया का यह विशिष्ट विश्वविद्यालय 35 अलग-अलग संकायों का संचालन करता है।प्रोफेसर डॉ. गुस्ती न्गुराह सुदियाना और प्रोफेसर माडे पूर्नामा की अगुवाई में प्रबंध समिति ने श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि की टीम का भावपूर्ण स्वागत किया। आचार्य श्री ने इस आत्मीयता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पतंजलि बहुत जल्द इंडोनेशिया में शिक्षा, योग और सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य शुरू करेगा। इस अवसर पर भारतीय परंपरा के एकमात्र विधायक बाली के एमएलए डॉ सोमवीर भी मौजूद रहें। इंडोनेशियाई विस अध्यक्ष ने पतंजलि आने की जताई इच्छा- बाली प्रांत के विधानसभा अध्यक्ष देवा माडे महायज्ञ ने पतंजलि के उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पादों की जमकर सराहना की। उन्होंने आचार्य श्री के प्रति अपनी सहृदयता प्रकट करते हुए बहुत जल्द भारत (पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार) आने की इच्छा व्यक्त की, जो उनके भारत के प्रति गहरे सांस्कृतिक प्रेम को दर्शाता है।

### जब्त माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 56 लाख 50 हजार

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चैकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

जिले में पुलिस ने नशे के सौदागरों पर एक बड़ी कार्रवाई की है। पोड़ी थाना अंतर्गत नागपुर चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध गांजा जब्त किया। इस गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 56 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस को क्षेत्र में मादक पदार्थों की बड़ी खेप ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नागपुर चौकी क्षेत्र में नाकेबंदी की। वाहनों की कड़ाई से जांच शुरू कर दी गई। इसी दौरान दो संदिग्ध कारें आती हुई दिखाई दीं। पुलिस बल को सामने देखकर तस्करों में हड़कंप मच गया। पकड़े जाने के डर से तस्करों ने सड़क किनारे ही दोनों गाड़ियां खड़ी कर दीं। वे पुलिस की पहुंच से दूर भागने में सफल रहे। पुलिस ने तत्काल दोनों लावारिस कारों को अपने कब्जे में लिया। उनकी सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ियों के भीतर गांजे के पैकेट ठूस-ठूस कर भरे मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जब्त किए गए मादक पदार्थ का वजन कराया गया।



### एक कार से 300 और दूसरी से 265 किग्रा गांजा जब्त

पहली कार से 300 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। दूसरी कार से 265 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इस प्रकार कुल 565 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया है। यह मात्रा 5 क्विंटल 65 किलोग्राम के बराबर है। इसकी अनुमानित कीमत 56 लाख 50 हजार रुपये है। नागपुर चौकी क्षेत्र में हुई यह कार्रवाई जिले की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। पुलिस ने दोनों कारों और गांजे की खेप जब्त कर ली है। अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गाड़ियों के पंजीकरण संख्या और इंजन-चेसिस संख्या के आधार पर फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है। इस पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

### करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# बिलासपुर दौरे पर पहुंचे सीएम, सुशासन तिहार पर की लोगों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुशासन तिहार, विकास कार्यों, नीट परीक्षा में गड़बड़ी, उपचुनाव परिणाम और मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। सुशासन तिहार को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह जानने का प्रयास कर रही है कि लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनता से सीधे फीडबैक लिया जा रहा है। साथ ही



लोगों की कई समस्याओं का समाधान शिविरों के जरिए तत्काल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिलासपुर में करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम और दिव्यांगजनों के लिए भी आश्रम की शुरुआत की जाएगी। इसके अलावा नालंदा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने इसके लिए शहरवासियों को बधाई दी। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार चुनावी हार से कांग्रेस बौखला गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर ही आपसी खींचतान चल रही है और उसके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है।

### सरकार कर रही बेहतर काम, कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है, इसलिए कांग्रेस बेवजह आरोप लगा रही है। नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी समस्या या अपराध सामने आने पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार सख्ती से जांच कराती है। उन्होंने कहा कि अपराध सिद्ध होने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाता और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। नगरीय निकाय उपचुनाव के परिणामों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जून को हुए मतदान के नतीजे चार जून को घोषित हुए हैं। प्रदेश की पांच नगर पंचायतों में हुए चुनाव में तीन नगर पंचायतों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष और पार्षदों की जीत हुई है। उन्होंने विजयी प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आप इंतजार करिए, आगे देखिए क्या-क्या होता है।

## सैमसंग की ट्रेनिंग से छात्रों को सरकारी मंत्रालय में मिली सीधे इंटर्नशिप



**गुरुग्राम।** भारत के औद्योगिक और तकनीकी केंद्र गुरुग्राम से युवाओं के हुनर को पंख लगाने वाली एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख सामाजिक सरोकार कार्यक्रम 'सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस' के तहत देश भर से चुने गए 30 होनहार छात्रों को सम्मानित किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20,000 से अधिक प्रतिभागियों में से इन 30 शीर्ष विजेताओं का चयन किया गया है। इन सभी मेधावी छात्रों को आधुनिक तकनीकी विधाओं जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), कोडिंग और प्रोग्रामिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और बिग डेटा में उनके असाधारण और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एक-एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि से नवाजा गया है। पुरस्कार पाने वालों में चार राष्ट्रीय स्तर के टॉपर, 26 राज्य स्तरीय टॉपर और एक सोशल मीडिया विजेता शामिल हैं।इस वर्ष सम्मानित होने वाले छात्र देश के 10 अलग-अलग राज्यों से संबंध रखते हैं, जो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि उच्च तकनीकी प्रतिभा अब केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रह गई है। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए गुरुग्राम स्थित कॉर्पोरेट मुख्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया।

### दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को मिलेगा सहारा

# 14 साल के ऊपर के बच्चों की जेल विभाग में होगी बाल आरक्षक की नियुक्ति, इसका प्रस्ताव शासन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेल विभाग में अब सेवा के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिवार के 14 साल से ऊपर के बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी। इसको लेकर जेल मुख्यालय ने शासन को एक प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार अगर किसी जेल कर्मचारी या अधिकारी की सेवा काल में मृत्यु हो जाती है और उसकी पत्नी नौकरी नहीं करना चाहती, तो परिवार की सहमति से 14 साल से बड़े बच्चे को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

दरअसल, पुलिस विभाग में यह व्यवस्था पहले से लागू है। पुलिस में सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार के नाबालिग बच्चे को बाल आरक्षक के तौर पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इसी तर्ज पर जेल विभाग ने भी यह कदम उठाया है। जेल डीआईजी एसके पांडे ने बताया कि





**बाल आरक्षक की सेवा शर्तें**

प्रस्ताव में बाल आरक्षक की सेवा शर्तों का भी साफ उल्लेख किया गया है। बाल आरक्षक से रोजाना सिर्फ 4 घंटे ही काम लिया जाएगा। उससे कोई भी भारी या जोखिम भरा काम नहीं कराया जाएगा। उसकी नियुक्ति परिवार के सभी सदस्यों की लिखित सहमति के बाद ही होगी। ड्यूटी के लिए उसे मुख्यालय या जेल के कार्यालय में अटैच किया जाएगा और आसान काम दिए जाएंगे।प्रस्ताव में यह भी प्रावधान है कि जब बाल आरक्षक 18 वर्ष की उम्र पूरी कर लेगा और प्रहरी पद की सभी अर्हताएं पूरी करता है, तो उसे नियमित नियुक्त कर दिया जाएगा।

### कर्मचारियों के वेलफेयर को लेकर बड़ा कदम

जेल विभाग में कर्मचारियों के वेलफेयर की दिशा में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। विभाग में काफी समय से यह मांग उठ रही थी कि पुलिस की तरह जेल विभाग में भी परिवार के बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति के नियम बनाए जाएं। कई बार कर्मचारी की असमय मृत्यु के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट आ जाता है। पत्नी की उम्र ज्यादा होने या अशिक्षित होने के कारण वह नौकरी नहीं कर पाती। ऐसे में बच्चे को नियुक्ति मिलने से परिवार को तुरंत सहारा मिल जाएगा। केंद्रीय जेल भोपाल के कर्मचारियों ने भी इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। उनका कहना है कि जेल और पुलिस दोनों ही अनुशासनात्मक बल हैं। दोनों का काम लगभग एक जैसा है। फिलहाल यह प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है।

## पेप्सिको इंडिया ने लॉन्च किया एड्रेनलिन रश ड्रिंक

**नई दिल्ली।** पेप्सिको इंडिया ने अपना प्रीमियम इंटरनेशनल एनर्जी ड्रिंक ब्रांड एड्रेनलिन रश लॉन्च किया है। इस लॉन्चिंग के साथ कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक्स कैटेगरी में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। इसके साथ कंपनी ने ए-रश, ए-गेम ऑन के कॉन्सेप्ट के साथ एक नई और जबर्दस्त कैंपेन फिल्म भी रिलीज की है। यह लॉन्चिंग पेप्सिको इंडिया के बढ़ते एनर्जी पोर्टफोलियो की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि कंपनी अब जेन-जी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। तेजी से बढ़ते मास प्रीमियम सेगमेंट में 60 रुपये की कीमत पर उपलब्ध एड्रेनलिन रश से पेप्सिको इंडिया के एनर्जी पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। यह आज के दौर के युवाओं के लिए खास तौर पर तैयार किया गया एक विश्व-स्तरीय प्रोडक्ट है। इसे दो अलग-अलग वैरिएंट्स— पैशन रश और क्लासिक रश में एक आकर्षक और प्रीमियम कैन फॉर्मेट में लॉन्च किया गया है। इस लॉन्चिंग को लेकर पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी लीड – एनर्जी ड्रिंक्स, दीक्षा बजाज ने कहा, एड्रेनलिन रश के साथ हम एक ऐसा ब्रांड बनाना चाहते हैं, जिसे सही मायने में नई पीढ़ी के लिए डिजाइन किया गया हो। जब बात आपके नाम की हो, तो आप अपना बेस्ट देते हैं और इसी सोच के साथ जुनून, फिल्मी विजुअल्स एवं कहानी से लेकर बोल्ड पैकेजिंग, प्रोडक्ट और अल्टीमेट परफॉर्मेंस एवं अल्टीमेट फोकस तक का इसका दावा पूरी तरह से नई पीढ़ी के अनुरूप है। यह कैंपेन उस पीढ़ी की सोच को दिखाता है, जो लगातार सीमाओं को तोड़ रही है और अपनी पूरी क्षमता को सामने लाने की कोशिश कर रही है। हम हर उपलब्धि के पीछे की लगन, जोश और मेहनत का जश्न मनाना

चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर संकट नहीं, चुनौतियां बरकरार

भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती और लचीलापन साबित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, खाड़ी संकट और व्यापारिक चुनौतियों के बीच यह प्रदर्शन न केवल उत्साहवर्धक है, बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी बनाए रखता है। भारत का घरेलू उपभोग मजबूत हुआ है। बता दें कि 2025-26 वह साल रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। 50 फीसदी टैरिफ तक ट्रंप ने भारत पर लगाया, लेकिन तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन आंकड़ों से संतोष का भाव अवश्य पैदा होता है, लेकिन इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर का 12.8 प्रतिशत से घटकर 7.3 प्रतिशत पर आना बताता है कि उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित गति नहीं बनी हुई है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विस्तार का आधार यही क्षेत्र माना जाता है। यदि विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार कमजोर पड़ती है तो दीर्घकाल में इसका असर रोजगार और आय वृद्धि पर भी दिखाई दे सकता है। वर्ष 2026 की चुनौतियां और बड़ी हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और इस बार कमजोर मानसून किसानों और लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। इससे जहां उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वहीं सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस वित्त वर्ष में जीडीपी पूर्वानुमान में 30 बीपीएस की कटौती कर 6.9% से घटाकर 6.6% तक कर दिया है। यदि खाड़ी संकट जल्द हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह अनुमान और भी कम हो सकता है। इससे सरकार के सामने रोजगार सृजन, निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में संकट पैदा हो सकता है। हालांकि आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखकर संकेत दिया है कि सरकार पैनिक नहीं है और अर्थव्यवस्था दबाव में नहीं है, लेकिन कमजोर मानसून और अर्थव्यवस्था के लिए कई चुनौतियां बरकरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगले वित्त वर्ष में विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान यह संकेत देता है कि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, मांग में उतार-चढ़ाव और निवेश संबंधी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार और उद्योग जगत दोनों को विकास की गति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कुल मिलाकर मौजूदा आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी संकट में नहीं है और उसकी बुनियाद मजबूत बनी हुई है, लेकिन केवल ऊंची विकास दर ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार, आय, निवेश और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दिखाई दे। इसलिए उपलब्धियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों के प्रति सजग रहना ही समय की मांग है।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# मुश्किलों के बीच सुधार के भी संकेत

सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है।

वैश्विक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है।

घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर विस्तार का संकेत है। यह आंकड़ा बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबार, मांग और उत्पादन की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। यह वृद्धि केवल घरेलू मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विदेशी मांग में भी सुधार दिखा। अप्रैल में आई गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में फिर से बढ़ोतरी दर्ज होना सकारात्मक संकेत है। सेवा क्षेत्र की मजबूती कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है और रोजगार सृजन से लेकर निर्यात आय तक इसके असर व्यापक हैं। मई में माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। इसका सीधा असर कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा और कई कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी की। रोजगार के मोर्चे पर यह संकेत आश्वस्त करने वाला है, क्योंकि विकास तभी व्यापक माना जाता है जब उसका लाभ रोज़गार और आय वृद्धि के रूप में आम लोगों तक पहुंचे। हालांकि, रोजगार वृद्धि में मामूली वृद्धि देखी गई है, क्योंकि 7 प्रतिशत से कम कंपनियों ने नई भर्ती की सूचना दी, जबकि अधिकांश कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। इसका अर्थ यह है कि रोजगार सृजन का रुझान सकारात्मक जरूर है, पर उसे संतोषजनक नहीं माना सकता। भारत जैसे बड़े श्रम-प्रधान देश में केवल सेवा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की भर्ती पर्याप्त नहीं है। रोजगार वृद्धि को टिकाऊ बनाने के लिए विनिर्माण, निर्माण, कृषि-आधारित उद्योगों और छोटे उद्यमों में भी मांग और निवेश का विस्तार जरूरी है। औद्योगिक मोर्चे पर भी कुछ बेहतर संकेत दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी। इस सुधार में सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र का रहा, जिसकी वृद्धि दर अप्रैल में 6.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। बिजली और गैस क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। यह संकेत देता है कि उत्पादन गतिविधियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुधार और पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर का 16 प्रतिशत तक पहुंचना खास तौर पर महत्वपूर्ण है। पूंजीगत वस्तुओं की



मांग बढ़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां भविष्य की मांग को लेकर कुछ हद तक आश्वस्त हैं और वे विस्तार की तैयारी कर रही हैं। फिर भी, मौजूदा सकारात्मक संकेत को स्थायी नहीं माना जा सकता है। एक-दो महीनों के बेहतर आंकड़े से किसी बड़े निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। राजकोषीय मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। वित्त वर्ष 2026 में कई मंत्रालयों और विभागों का खर्च संशोधित अनुमान से कम रहा, जिससे कुल व्यय में कमी आई और राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से घट गया। वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है, क्योंकि नियंत्रित घाटा सरकार को भविष्य में विकासोन्मुख खर्च के लिए अधिक गुंजाइश दे सकता है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि भी मांग और आर्थिक गतिविधियों की स्थिरता का संकेत देती है। जीएसटी संग्रह का बढ़ना यह बताता है कि खपत और लेन-देन का दायरा बना हुआ है। लेकिन जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर को भी महंगाई और अनुपालन सुधार के संदर्भ में देखना चाहिए। अगर संग्रह में वृद्धि वास्तविक खपत और उत्पादन वृद्धि से आ रही है, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत है; पर यदि इसका बड़ा हिस्सा कीमतों की वृद्धि से जुड़ा है, तो आम उपभोक्ता पर दबाव भी बढ़ सकता है। कॉर्पोरेट जगत के नतीजे भी अर्थव्यवस्था की मिश्रित लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। बैंकों ने मजबूत ऋण वृद्धि और बेहतर मार्जिन के सहारे अच्छे परिणाम दिए। ऑटोमोबाइल कंपनियों को मांग और वॉल्यूम का लाभ मिला। वहीं तेल, धातु और कुछ सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। इससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में सुधार का स्वरूप समान नहीं है। कुछ क्षेत्र तेज बढ़ रहे हैं, जबकि कुछ क्षेत्र लागत, कीमत और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हैं। सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और लागत दबाव की है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने खाद्य पदार्थों, ईंधन, गैस, मजदूरी और कच्चे माल पर अधिक खर्च की बात कही है। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों की अनिश्चितता, वैश्विक व्यापार नीतियों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी जोखिम से महंगाई में और भी इजाफ़ा हो सकता है। खाद्य महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और उपभोग क्षमता पर पड़ता है। यदि मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियां कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, तो खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। निर्यात क्षेत्र भी चिंता का विषय है। रुपये में कमजोरी के बावजूद भारत का माल निर्यात अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। सामान्यतः कमजोर रुपया निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन जब वैश्विक मांग ही कमजोर हो तो इसका लाभ सीमित रह जाता है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, व्यापारिक संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव भारतीय निर्यातकों के लिए बाधा बन सकते हैं। ऐसे में केवल मुद्रा विनिमय दर पर निर्भर रहने के बजाय उत्पादकता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और बाजार विविधीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। निष्कर्षतः भारतीय अर्थव्यवस्था फिलहाल कठिनाइयों के बीच सुधार के संकेत दे रही है। सेवा क्षेत्र की मजबूती, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग, बेहतर कॉर्पोरेट नतीजे और राजकोषीय घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इन संकेतों को आत्मसंतोष का आधार नहीं बनाया जा सकता। महंगाई, कमजोर वैश्विक मांग, निर्यात की सुस्ती, मौसम संबंधी जोखिम और लागत दबाव अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विकास की गति को बनाए रखते हुए महंगाई पर नियंत्रण रखे, निवेश को प्रोत्साहित करे, रोजगार को व्यापक बनाए और बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने की क्षमता बढ़ाने पर ज़ोर दे।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
रवि शंकर




# पेट्रोल और डीजल जीएसटी से बाहर क्यों

देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों में इसे लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। बता दें कि पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सिर्फ वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। वही देश के कई हिस्सों में इस समय कृषि कार्य, फसल परिवहन और आगामी बुवाई की तैयारियां चल रही हैं, जहां डीजल का व्यापक उपयोग होता है। ऐसे समय में डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। खेती की लागत बढ़ने से पहले से आर्थिक दबाव झेल रहा किसान और अधिक कर्ज के बोझ तले दबेगा। वर्तमान में देश के कई राज्यों और शहरों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। ऐसे में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अगर ऐसा होता है तो ईंधन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है और लोगों को सीधी राहत मिलेगी। दरअसल, पेट्रोल की असल कीमत और उपभोक्ता द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत में बड़ा अंतर टैक्स की वजह से है। मौजूदा समय में दिल्ली में बिकने वाले पेट्रोल की असली (बेस) कीमत सिर्फ 66.29 रुपये प्रति लीटर है। लेकिन इस पर केंद्र सरकार 11.90 रुपये प्रति लीटर का भारी-भरकम उत्पाद शुल्क वसूलती है। इसके बाद राज्य सरकार (दिल्ली सरकार) इस पर 16.03 रुपये का वैट लगा देती है। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर को प्रति लीटर 4.42 रुपये का कमीशन मिलता है। इन सभी शुल्कों को मिलाकर एक लीटर पेट्रोल के लिए उपभोक्ता को 100 रुपये से ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। यानी, लगभग 28 से 30 रुपये सिर्फ टैक्स के रूप में जनता की जेब से जा रहे हैं। वर्तमान समय में पेट्रोल पर वास्तविक मूल्य के मुकाबले करीब 42 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 32 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में वैट की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। तेलंगाना में पेट्रोल सबसे महंगा है क्योंकि वहां पेट्रोल पर करीब 35.2 प्रतिशत वैट लगाया जाता है। वहीं अंडमान-निकोबार में पेट्रोल और डीजल पर केवल एक प्रतिशत वैट होने के कारण वहां ईंधन सबसे सस्ता बताया गया है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मौजूदा टैक्स (एक्साइज और वैट) को हटाकर ईंधन को जीएसटी के तहत लाती हैं, तो कीमतों में ऐतिहासिक कटौती हो सकती है। मान लीजिए कि डीलर का कमीशन जस का तस रहता है और तेल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जाता है, तो 66.29 रुपये के मूल दाम पर केवल 11.93 रुपये का टैक्स बनेगा। इस नए गणित के हिसाब से दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 78.22 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि ग्राहकों को प्रति लीटर लगभग 22 रुपये की भारी बचत होगी। गौरतलब है कि 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तो वन नेशन वन टैक्स की बात कही गई थी और कहा गया था कि देश में हर चीज पर एक समान टैक्स होगा और एक समान रेट होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर सभी राज्य मनमानी करते हुए अपने अपने हिसाब से वैट वसूल रहे हैं। इसके कारण हर राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरें अलग-अलग हैं। इससे वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा पर भी कुठाराघात हो रहा है। ये उत्पाद केंद्र और राज्य सरकारों के लिए राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। राज्यों को डर है कि जीएसटी के तहत इन उत्पादों को लाने से उनकी कर नीति, मूल्य निर्धारण और खपत को प्रभावित करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। कई राज्यों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी में शामिल होने पर वे इस स्वायत्तता को खो सकते हैं। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति और कर दर पर एकरूपता जरूरी है। हालांकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने का फैसला केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करेगा, क्योंकि इससे राज्यों की टैक्स आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि इससे टैक्स से होने वाली बड़ी कमाई प्रभावित होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।


# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य**

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ों का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी है, जीवन की धड़कन है और आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी धरोहर है। जब भी सुबह का सूरज पर्वतों की चोटियों को सुनहरी आभा से भर देता है, जब नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, जब खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोल देता है, तब प्रकृति अपनी सुंदरता का परिचय देती है। किंतु आज यही प्रकृति मानव की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण कराह रही है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखती नदियां, पिघलते हिमनद, बढ़ता तापमान और असंतुलित मौसम मानव को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी नहीं संभले, तो आने वाला भविष्य अत्यंत भयावह हो सकता है। - **चेतन वर्मा**, धमतरी

## ट्रेंड

### विकास गति मजबूत



भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने की घोषणा की है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### नमो ऑक्सीजन पार्क



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में, मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया गया और दिल्लीवासियों को 18 नमो ऑक्सीजन पार्क समर्पित किए गए।दिल्ली के सभी निवासियों से आग्रह है कि वे 'मां के नाम एक पेड़' अभियान में शामिल हों।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



अगर ड्रग माफिया ने अपनी हरकतें नहीं सुधारीं, तो वे धूल में मिल जाएंगे। हमारी सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करके ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।
-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### सड़कों पर उतरें



अखबारों में खबरें लीक करना अरबों-खरबों का कारोबार है। इस रैकेट में बड़े लोग शामिल हैं। जब तक आप सड़कों पर उतर कर सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, यह रैकेट नहीं रुकेगा।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने तीन कॉटेज किराए पर देकर पैसा कमाया



ब्रिटेन की सार्वजनिक व्यय पर निगरानी रखने वाली संस्था की शुक्रवार को जारी शाही परिवार की संपत्तियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने शाही संपदा में तीन कॉटेज किराये पर देकर पैसा कमाया, जहां वह दो दशक तक बिना किराए के रहे थे। इसमें यह भी बताया गया है कि उनकी बेटिया, प्रिंसेस बीट्राइस और प्रिंसेस यूजनी, किराए वाली महल की संपत्ति में रहती हैं, जिसका भुगतान उनके पिता के बड़े भाई महाराजा चार्ल्स तृतीय करते हैं। 'नेशनल ऑडिट ऑफिस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को विंडसर कैसल के पास अपने घर, रॉयल लॉज एस्टेट में कॉटेज को 20 साल से अधिक समय तक किराए पर देने से आय प्राप्त हुई। साल 2003 में किए गए रॉयल लॉज के एक पट्टे से पता चलता है कि उन्होंने संपत्ति के लिए सिर्फ एक मामूली रकम अदा दी, जिसे /"पेपरकॉर्न रेंट/" के नाम से जाना जाता है। इस परिसर में 30 कमरों वाली एक हवेली और आठ कॉटेज शामिल हैं जिनमें से तीन को किसी और को किराये पर देने की अनुमति थी। रिपोर्ट में आय की रिपोर्ट शामिल नहीं की गई थी। संसद की लोक लेखा समिति की पूर्व प्रमुख और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर पार्टी की सदस्य मारग्रेट होज ने इस चूक को चिंताजनक बताया।

## ऑफ बीट

# एआई में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल हो सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट ने गंभीर चेतावनी जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक एआई से जुड़ी प्रणालियां दुनिया की कुल बिजली खपत का लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा उपयोग कर सकती हैं, जबकि डेटा केंद्रों की शीतलन जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाला पानी वैश्विक आबादी की वार्षिक पेयजल आवश्यकता से भी अधिक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की बढ़ती क्षमता और लोकप्रियता के साथ उसके पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि एआई मॉडल समय के साथ अधिक दक्ष और कम ऊर्जा खपत वाले हो जाएंगे, जिससे उनकी पर्यावरणीय लागत घटेगी। हालांकि, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह धारणा भ्रामक हो सकती है। रिपोर्ट में 'जेवॉन्स पैराडॉक्स' का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार किसी तकनीक की दक्षता बढ़ने पर संसाधनों की कुल खपत कम होने के बजाय बढ़ सकती है। यह सिद्धांत 19वीं सदी के अर्थशास्त्री विलियम स्टेनली जेवॉन्स के अवलोकन पर आधारित है, जिन्होंने पाया था कि कोयले के उपयोग की दक्षता बढ़ने के बावजूद उसकी कुल मांग और खपत में वृद्धि हुई थी।

## सीजेआई सूर्यकांत ने कानून की जिम्मेदारी बताई

# मानवता और न्याय के सामने एआई बड़ी कानूनी चुनौती, इस दशक के फैसले तय करेंगे तकनीक, शक्ति और न्याय के भविष्य के संबंध

### ब्रिटेन के बर्कबेक, लंदन विश्वविद्यालय में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इंटरनेशनल ला' विषय पर बोले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एआई को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि एआई अब केवल एक कल्पनात्मक तकनीक नहीं, बल्कि एक वास्तविकता बन चुकी है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस दशक में लिए जाने वाले निर्णय तकनीक, शक्ति, स्वतंत्रता और न्याय के बीच भविष्य के संबंधों को निर्धारित करेंगे। ब्रिटेन के बर्कबेक, लंदन विश्वविद्यालय में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इंटरनेशनल लॉ' विषय पर आयोजित सार्वजनिक व्याख्यान में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि तकनीक न तो स्वभाव से अच्छी होती है और न ही बुरी।

तकनीक न तो स्वभाव से अच्छी होती है और न ही बुरी

#### तकनीकी शक्ति मानवीय गरिमा के प्रति जवाबदेही बनी रहे



सीजेआई ने कहा कि इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि समाज उसे किस कानूनी, राजनीतिक और नैतिक ढांचे के भीतर उपयोग करता है। कानून की जिम्मेदारी तकनीकी प्रगति का विरोध करना या उसके सामने बिना सवाल झुक जाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि तकनीकी शक्ति संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक वैधता और मानवीय गरिमा के प्रति जवाबदेह बनी रहे।

#### एआई सभी क्षेत्रों को कर रहा प्रभावित

एआई शासन, व्यापार, युद्ध, संचार, प्रशासन और न्यायिक एवं संप्रभु शक्तियों के इस्तेमाल को प्रभावित कर रहा है। सरकारें अब योजनाओं के आवंटन, आव्रजन आवेदनों के मूल्यांकन, सीमा निगरानी, में इसका उपयोग कर रही हैं।

#### एआई न्यायिक व्यवस्था के लिए बड़ा अवसर

सीजेआई ने कहा कि एआई न्यायिक व्यवस्था के लिए एक बड़ा अवसर भी है। यदि इसका जिम्मेदारीपूर्वक और मानवीय निगरानी में उपयोग किया जाए, तो यह कानूनी शोध, केस प्रबंधन, अनुवाद, ट्रांसक्रिप्शन, दस्तावेजों के वर्गीकरण और न्यायिक मिसालों की पहचान में मदद कर सकता है।

#### एआई कई अवधारणाओं को चुनौती दे रहा

उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय कानून क्षेत्रीय सीमाओं पर आधारित रहा है, लेकिन एआई इन अवधारणाओं को चुनौती देता है। एआई मॉडल कई देशों के डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, अलग-अलग देशों में स्थित कंप्यूटिंग संसाधनों का उपयोग करते हैं।

#### एआई का भविष्य कैसे तय होगा?

अपने संबोधन के अंत में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि एआई का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मानवता द्वारा किए जाने वाले कानूनी और नैतिक विकल्पों से तय होगा। उन्होंने कहा कि चुनौती तकनीकी क्षमता को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि ऐसे माहौल में कानूनी जवाबदेही को बनाए रखना है जहां निर्णय लेने की प्रक्रिया एल्गोरिदम के माध्यम से संचालित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### 'सुरहा ताल' बना देश का 100वां रामसर स्थल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जमें स्थित जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (जिसे सुरहा ताल के नाम से भी जाना जाता है) को देश का 100वां रामसर स्थल (आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा विश्व पर्यावरण दिवस पर की गई थी। भारत दुनिया में अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।



### हिमंत कैबिनेट विस्तार 12 नए मंत्री शामिल

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा शुक्रवार को कैबिनेट विस्तार किया। इस बार कैबिनेट में 12 और नाम जुड़े। जो नए मंत्री शामिल किए गए हैं, उनमें पीयूष हजारिका से लेकर सुशांत बोरगोहेन जैसे अनुभवी नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एक महिला नेता- नीलिमा देवी को भी कैबिनेट का हिस्सा बनाया है।



### मणिपुर में फिर हिंसा 3 लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कुकी-जो समुदाय के गांव पर शुक्रवार सुबह हमला। इस हमले में दंपती सहित 3लोग मारे गए हैं। हिंसा की इस ताजा घटना के बाद राज्य के पहाड़ी इलाकों में तनाव बढ़ गया है। कांगपोकपी के लोइबेल खुल्लेन गांव पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। 7 घरों में आग लगा दी।



### जीजा की नियुक्ति, केरल के मंत्री ने दी सफाई

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के बिजली मंत्री सनी जोसेफ ने शुक्रवार को जीजा को निजी स्टाफ में नियुक्त करने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उनके लोक सेवा के रिकॉर्ड के आधार पर लिया गया था, न कि पारिवारिक संबंधों के आधार पर। मंत्री ने कहा कि वे एक अच्छे लोक सेवक हैं।



### स्मार्ट बॉर्डर: केंद्रीय गृहमंत्री ने त्रिपुरा में सीमा चौकी का दौरा किया

# सीमा सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक अमित शाह का हरित अभियान पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित बीएसएफ की लंकामुरा सीमा चौकी का दौरा कर सीमा प्रहरियों का उत्साहवर्धन किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने अगरतला में 'अगर' पौधे का रोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विकास से जोड़ते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। गृह मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवानों का तप, त्याग और समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि नारकोटिक्स तस्करी, मानव तस्करी, हथियारों की स्मगलिंग और ड्रोन जैसी नई चुनौतियों का बीएसएफ प्रभावी ढंग से सामना कर रहा है।

#### पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने बताया कि वर्ष 2019 से अब तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों द्वारा 7.5 करोड़ से अधिक वृक्ष लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 40 से 60 लाख नए पौधे लगाए जाएंगे तथा जो पौधे जीवित नहीं रह सके हैं, उन्हें पुनः रोपित किया जाएगा। अगले वर्ष दो करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जवान एक वृक्ष को अपने परिवार के सदस्य की तरह मानकर उसकी देखभाल कर रहा है। यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पेरिस घोषणा के सभी प्रमुख लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले पूरा किया है और पर्यावरण संरक्षण के भारतीय दृष्टिकोण को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिली है।

#### सीमा चौकियों पर सुविधाओं का विस्तार

अमित शाह ने बीएसएफ की 37वीं वाहिनी में जवानों के आवासीय परिसर का ई-लोकार्पण तथा 97वीं वाहिनी में क्वार्टर गार्ड परिसर का ई-शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सीमा पर तैनात जवानों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आवास, स्वास्थ्य, बिजली, सुरक्षित पेयजल और हरित ऊर्जा जैसी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।



#### अमित शाह ने त्रिपुरा की लंकामुरा बीएसएफ चौकी का निरीक्षण किया

- विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया
- 2019 से अब तक जवानों द्वारा 7.5 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए
- अगले वर्ष दो करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य
- स्मार्ट बॉर्डर पायलट परियोजना जल्द शुरू होगी
- 650 किमी पुरानी सीमा बाड़ के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया शुरू
- ड्रोन, सेंसर और स्मार्ट फेंसिंग से सीमा सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी
- 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए सुरक्षित सीमाओं पर विशेष जोर

#### जल्द शुरू होगा 'स्मार्ट बॉर्डर' पायलट प्रोजेक्ट

सीमा सुरक्षा को तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा संकेत देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार 'स्मार्ट बॉर्डर' अवधारणा को अंतिम रूप दे रही है। इसके तहत ड्रोन, सेंसर, स्मार्ट फेंसिंग और अत्याधुनिक निगरानी प्रणालियों के माध्यम से सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश की विभिन्न सीमाओं पर सात से आठ स्थानों पर स्मार्ट बॉर्डर पायलट परियोजना शुरू की जाएगी। प्रारंभिक अनुभवों के आधार पर इसे पूरे देश की सीमाओं पर लागू करने की योजना है।

#### स्थानीय प्रशासन भी बनेगा सुरक्षा तंत्र का हिस्सा

गृह मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, पटवारी, सरपंच और सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय समुदायों को भी इस सुरक्षा ढांचे का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और आधुनिक तकनीक के सहयोग के बिना सीमाओं को पूरी तरह अभेद्य बनाना संभव नहीं है।

#### 650 किलोमीटर पुरानी फेंसिंग के आधुनिकीकरण की तैयारी

त्रिपुरा फ्रंटियर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अमित शाह ने सीमा फेंसिंग के व्यापक आधुनिकीकरण की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष से अधिक पुरानी लगभग 650 किलोमीटर सीमा बाड़ के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है और पहले चरण में 119 किलोमीटर नई आधुनिक फेंसिंग को मंजूरी दी जा चुकी है।

#### 2047 के विकसित भारत के लिए सुरक्षित सीमाएं जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए देश की सीमाओं का सुरक्षित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि तस्करी, मानव व्यापार, मादक पदार्थों के नेटवर्क और अन्य सीमा-पार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार 'स्मार्ट सुरक्षा ग्रिड' विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा की पारंपरिक सोच और कार्यसंस्कृति में बदलाव की आवश्यकता है तथा स्मार्ट फेंसिंग और चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड भविष्य में सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे।

### कर्नाटक और बंगाल में बगावती तेवर

## मंत्री रामलिंगा के इस्तीफे के बाद 'मनौव्वल' में जुटे डीके

### मुख्यमंत्री बोले- उनकी बात सुनी जाएगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद पैदा राजनीतिक विवाद अब कांग्रेस नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। मंत्री रामलिंगा रेड्डी के इस्तीफे के बाद से ही सरकार डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुट गई है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्री प्रियंक खरगे ने साफ किया है कि पार्टी इस मामले को बातचीत से सुलझा लेगी। कांग्रेस नेतृत्व अब इस पूरे विवाद को शांत करने में जुट गया है ताकि सरकार और संगठन दोनों पर इसका असर न पड़े। कर्नाटक मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा किया गया था। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। रेड्डी इससे संतुष्ट नहीं थे।


**मुख्यमंत्री ने अपना करीबी बताया**

डीके ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने रामलिंगा रेड्डी को अपना करीबी दोस्त बताया। कैबिनेट में हम सबसे करीबी दोस्तों में हैं। हम इस समस्या को सुलझा लेंगे।

### 'फिर भी' टीएमसी की अध्यक्ष बनी ममता

## अभिषेक को बनाया महासचिव स्पीकर के फैसले को देंगी चुनौती

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर बैठक हुई, जिसमें बहुत कम नेताओं को बुलाया गया था। बैठक में ममता ने फिर भतीजे अभिषेक के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। बागी विधायकों के विरोध के बावजूद अभिषेक को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। ममता राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी रहेंगी। पार्टी के बागी विधायक ऋतब्रत बेनर्जी को बंगाल विधानसभा के स्पीकर द्वारा नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिए जाने के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती देंगी।

**कई विधायकों से फोन पर की बात**

ममता ने हावड़ा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर के कई विधायकों से सीधे फोन पर संपर्क किया है। इनमें वे विधायक भी शामिल हैं जो हाल के दिनों में रिताब्रत के नेतृत्व वाले बागी खेमे की बैठकों में नजर आए थे।

### जेईई एडवांस्ड का डेटा लीक मामला

## आईआईटी रुड़की और शिक्षा मंत्रालय ने दावे को भ्रामक कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में शामिल लाखों अभ्यर्थियों के डेटा लीक और निजता के उल्लंघन के दावों को लेकर चल रहे विवाद के बीच आईआईटी रुड़की के बाद और शिक्षा मंत्रालय ने इन दावों को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है। हाल ही में एथिकल हैकर ने एक्स पर जानकारी दी थी कि परीक्षा से संबंधित डेटा तक एक्सेस हो पा रहा है। आईआईटी ने बताया था कि गलती को सुधार लिया गया है और संबंधित डाटा रीड ओनली मोड में था, इसलिए गलत इस्तेमाल की आशंका नहीं है। इस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। शुक्रवार को फिर आईआईटी रुड़की ने स्पष्टीकरण दिया। बताया गया कि जेईई (एडवांस्ड) के लाखों अभ्यर्थियों को प्रभावित करने वाले डेटा उल्लंघन और निजता के हनन के दावे भ्रामक और गलत हैं।



## रामलला के दरबार में पहुंचे थल सेना प्रमुख उपेंद्र



**अयोध्या।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को निजी दौरे पर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश की सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सेना प्रमुख बनने के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा रहा। वे सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद रामलला के दिव्य दरबार में माथा टेका।

### कोलकाता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार

कमर में रस्सी बांधकर घुमाने पर सख्त

## दोषी है तो फांसी दे दो, सड़क पर तमाशा न बनाएं, लिखित रिपोर्ट दें

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद अपराध पर लगाम लगाने के लिए, पुलिस की सख्त कार्रवाई को लेकर पूरे राज्य में चर्चा रही है। पुलिस की इस कथित 'अतिसक्रियता' या 'सड़क पर न्याय' की प्रवृत्ति अब एक बड़े कानूनी और संवैधानिक सवाल के घेरे में आ गई है। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी और सुवेंदु सरकार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर उन्हें इलाके में घुमाने की पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताई है। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जॉयसेन गुप्ता और जस्टिस मीता दास की बेंच ने राज्य सरकार से 3 सप्ताह के अंदर विस्तृत और लिखित रिपोर्ट मांगी है।



#### पुलिस किसी का सम्मान नहीं छीन सकती

हाईकोर्ट ने कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक अपमान के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया। अदालत ने माना कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना प्रशासन का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर किसी व्यक्ति की गरिमा और मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। किसी व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप हो सकते हैं, लेकिन उसके साथ गरिमा और सम्मान का व्यवहार करें।

### केंद्रीय मंत्री पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई दी

देश को अब नई दिशा मिलेगी

## अंडमान में सागर में गहरे पानी के भीतर प्राकृतिक गैस का भंडार मिला

### 'समुद्र मंथन मिशन' की बड़ी सफलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के मोर्चे पर एक बेहद सकारात्मक और बड़ी खबर है। देश की प्रमुख सरकारी अन्वेषण कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान सागर में गहरे पानी के भीतर प्राकृतिक गैस की खोज में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई देते हुए एक्स पर यह जानकारी दी। यह खोज भारत के महत्वाकांक्षी डीप-वाटर एक्सप्लोरेशन अभियान को एक नई दिशा देने वाली साबित होगी।

#### कहां और कैसे मिली यह बड़ी सफलता?



पुरी ने बताया कि अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से 15 किमी दूर और 355 मीटर गहरे पानी में स्थित 'श्री विजयपुरम-3'नामक एक अन्वेषणात्मक कुएं में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी का पता चला है। ऑयल इंडिया की ओर से इओसीन संरचना में 1900 मीटर से अधिक की गहराई पर प्रारंभिक उत्पादन परीक्षण किया गया, जहां निरंतर 'फ्लेयरिंग' के माध्यम से गैस की पुष्टि हुई है। कंपनी गैस की संरचना और उसके ऊर्जा मूल्य का सटीक आकलन करने के लिए गैस के नमूने ले रही है। इसके साथ ही गैस की उत्पत्ति को गहराई से समझने के लिए आइसोटोप अध्ययन भी किया जा रहा है।

### भाजपा ने बिहार विधान परिषद के लिए चार उम्मीदवारों को मैदान

## अभिनेता पवन, राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी डॉ. संजय मयूख का नाम लिस्ट में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को 2026 के बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी ने आगामी चुनावों के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह, डॉ. संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, जनता दल (यूनाइटेड) ने शुक्रवार को 2026 बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव व उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की।

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के



लोकसभा टिकट को ठुकराने वाले भोजपुरी फिल्मों के स्टार पवन सिंह को आखिरकार राजनीति का कंफर्म टिकट मिल गया। शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने भी चार सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया। भाजपा की सूची में सबसे ऊपर पवन सिंह का नाम है। पहले से एमएलसी रहे संजय मयूख भी सूची में हैं। वह बांकीपुर से नितिन नवीन की जगह पर भी चुनाव लड़ना चाहते थे। उनके अलावा दो नाम अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित अब बिहार विधान परिषद के लिए भाग्य आजमाएंगे।

डॉ. संजय मयूख भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी हैं। वे लगातार दो कार्यकाल से बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे हैं। डॉ. मयूख कायस्थ समाज से आते हैं और संगठन व मीडिया के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण पहचान है।

#### जदयू ने निशांत को उम्मीदवार बनाया

बिहार में विधान परिषद की सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और उपचुनाव को लेकर जनता दल यूनाइटेड ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की अंतिम मुहर के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में चार प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई है। जारी सूची के अनुसार, निशांत (पटना), भारती मेहता (मधुबनी) और शिवरानी देवी प्रजापति (पश्चिम चंपारण) को विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं ललन प्रसाद (शेखपुरा) को विधान परिषद उपचुनाव के लिए पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया है। इनमें सबसे अधिक चर्चा निशांत कुमार की उम्मीदवारी को लेकर हो रही है, क्योंकि वह जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र हैं।

## आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश किया जारी

# विदेशी निवेशकों के लिए सरकारी बांड से होने वाली कमाई होगी टैक्स-फ्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**विदेशी निवेशकों को ब्याज आय व पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट दी**

सरकार ने रुपये पर दबाव को कम करने और विदेशी पूंजी आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों को ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दे दी है। सरकार की पांच जून की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश जारी किया है।

> सरकार रुपये पर दबाव कम करने व विदेशी पूंजी आकर्षित करना चाह रही

इसके तहत एक अप्रैल से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, विनिमय या हस्तांतरण से होने वाली ब्याज आय एवं पूंजीगत लाभ पर कर छूट प्रदान की गई है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह छूट एक अप्रैल से प्रभावी होगी। इसका मतलब है कि यह छूट सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में एक अप्रैल को या उसके बाद एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों) को प्राप्त होने वाले किसी भी ब्याज या पूंजीगत लाभ पर लागू होगी।

### छूट विदेशी संस्थागत निवेशक व बीआईएस पर लागू होगी

यह छूट विदेशी संस्थागत निवेशकों और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) पर लागू होगी। बशर्ते वे निर्धारित सूचना-खुलासा आवश्यकताओं का पालन करें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित इस अध्यादेश में बीआईएस को 1930 में स्थापित एवं स्विट्जरलैंड के बासेल स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था के रूप में परिभाषित किया गया है।




### 12 माह से अधिक रखे गए बांड पर 12.5 प्रतिशत एलटीसीजी देना होगा

विदेशी निवेशकों को वर्तमान में 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सूचीबद्ध शेयर और बॉन्ड पर 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) देना होता है। इसके अलावा, सरकारी बॉन्ड से अर्जित ब्याज पर 20 प्रतिशत का 'विदहोल्डिंग टैक्स' (स्रोत पर कर कटौती) भी देना पड़ता है।

### विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने कई उपाय

भारत को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में मजबूत करने और पूंजी बाजार को गहरा करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वित्त मंत्रालय ने भारत के बाहर रहने वाले लोगों और एफपीआई के लिए निवेश में आसानी बढ़ाने एवं स्थिर दीर्घकालिक विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने के उद्देश्य से कई उपायों को पेश किया है।

### सॉवरेन ग्रीन बांड शामिल किया गया

इसमें कहा गया कि सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसमें 15 वर्ष, 30 वर्ष और 40 वर्ष की अवधि वाली नई सरकारी प्रतिभूतियों के साथ-साथ सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड को भी शामिल किया जाएगा।

### बांड होंगे अधिक आकर्षकः विशेषज्ञ

सरकार के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में छूट देने के कदम से भारत सरकार के बांड अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। सरकार ने विदेशी निवेशकों को डॉलर प्रवाह आकर्षित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश के माध्यम से यह कर छूट लागू की है।

## मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद शेयर बाजार में रही गिरावट

**मुंबई (एजेंसी)।** मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाने और महंगाई का अनुमान बढ़ाने के बीच मुनाफावसूली होने से बाजार नुकसान में रहा। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.67 अंक टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,717.57 और नीचे में 73,988.75 अंक तक गया। इस तरह सेंसेक्स में कुल 728.82 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं निफ्टी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर बंद हुआ। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। इसके साथ पश्चिम एशिया संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्या के कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मौद्रिक नीति उम्मीद के अनुरूप रहने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए।

## कमज़ोर वैश्विक रुख के बीच सोना 400 रुपये सस्ता हुआ, चांदी में 5,000 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। स्थानीय बाज़ार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 400 रुपये घटकर 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,65,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,470.79 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी एक प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 72.89 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## अवेकनिंग इंडिया सीज़न 2 एवं उत्सवमः भारत की पवित्र सांस्कृतिक धड़कन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती, भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक, सार्थक एवं आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत विरासत को जन-जन तक पहुँचाने के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इसी प्रयास के अंतर्गत, प्रसार भारती ₹अवेकनिंग इंडिया सीजन 2₹ प्रस्तुत कर रहा है, जो भारत की सभ्यतागत विरासत की गहराई, विविधता और निरंतरता का उत्सव मनाने वाली एक प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला है। पहले सीज़न की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, यह श्रृंखला उन विचारों, मूल्यों, परंपराओं और महान व्यक्तित्वों की पड़ताल करती है जिन्होंने सहस्राब्दियों से भारतीय चेतना को आकार दिया है। रोचक कथानकों, विशेषज्ञ दृष्टिकोणों और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से यह कार्यक्रम उन आध्यात्मिक, दार्शनिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधारों का विश्लेषण करता है जो आज भी आधुनिक भारत की पहचान को प्रभावित करते हैं।

## 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी का वार्षिक शिविर आयोजित, आपदा प्रबंधन की जानकारी दी



**नई दिल्ली।** 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कैम्प कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया के नेतृत्व में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी-172 के अंतर्गत रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास हिसार में 7वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल पंजाब व हिसार फायर ब्रिगेड द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान आयोजित किया गयाँ इस अवसरपर एनसीसी कैडेटों को आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव कार्यों, प्राथमिक उपचार तथा नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

## पॉलिमर नोटों पर प्रस्ताव शुरुआती चरण में, अभी कोई फैसला नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पॉलिमर से बने नोट लाने का प्रस्ताव केंद्रीय बैंक के समक्ष विचाराधीन है और फिलहाल यह विचार अभी प्रारंभिक चरण में है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पॉलिमर नोट लाने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है और आरबीआई इसकी व्यवहार्यता का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा, पॉलिमर नोटों को लेकर प्रस्ताव विचाराधीन है। इस पर जैसे ही कोई निर्णय होता है, उसकी जानकारी दी जाएगी।

### वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त नकदी

इस बीच, आरबीआई ने कहा कि वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त मात्रा में नकदी उपलब्ध है और एटीएम में नकदी की किसी भी तरह की किल्लत को जल्द ही पूरा किया जाएगा। गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के पास एटीएम एवं बैंक शाखाओं में नकदी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भंडार है और जरूरत पड़ने पर तेजी से आपूर्ति की जाएगी।

### 10 रुपये के पॉलिमर नोट पहले जारी होने वाले थे

इससे पहले फरवरी 2014 में सरकार ने संसद को बताया था कि 10 रुपये मूल्यवर्ग के एक अरब पॉलिमर नोटों को देश के पांच शहरों में परीक्षण के तौर पर जारी किया जाएगा।

*वाणिज्य मंत्री गोयल ने जताई संभावना*

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण जुलाई मध्य संभव

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी दल दो से चार जून तक नयी दिल्ली में था और उन्होंने भारतीय दल के साथ संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मेरी भी उनसे मुलाकात हुई थी और हम सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगता है कि अगले महीने के मध्य तक हम समझौते के पहले चरण को बहुत अच्छे तरीके से लागू करने की स्थिति में होंगे।'' यह हमारे द्विपक्षीय व्यापार समझौते का सिर्फ पहला चरण है, जिससे हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत को तरजीही पहुंच मिलेगी।'' इस महीने के आखिर में एक उच्च-स्तरीय दल के भारत आने की उम्मीद है। संभावना है कि इस दल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस सप्ताह हुई वार्ता के दौरान दोनों देशों के व्यापार दलों ने वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क और कारोबार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय तथा पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रुपया 81 पैसे के उछाल से 94.93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 81 पैसे के उछाल के साथ 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा प्रवाह मजबूत करने के लिए कदम उठाने के बाद घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला।

## उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** मुख्यालय में "जलवायु परिवर्तन" विषय पर प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम और कचरा प्रबंधन पर एक संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक और स्काउट गाइड द्वारा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम तथा कचरा प्रबंधन विषयों पर संगोष्ठी, जागरूकता रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मंडलों, कारखानों, अस्पतालों, स्टेशनों आदि पर 15 मई से 05 जून 2025 तक विशेष पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में गुरुवार 05 जून को मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में "जलवायु परिवर्तन" विषय पर प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम और कचरा प्रबंधन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी के आरंभ में उत्तर पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री शिवेंद्र मोहन ने पर्यावरण संरक्षण में भारतीय रेलवे के योगदान पर प्रकाश डाला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी को पर्यावरण संरक्षा शपथ दिलाई। संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों, प्लास्टिक प्रदूषण से उत्पन्न चुनौतियों तथा प्रभावी कचरा प्रबंधन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक आवश्यकता बन चुका है तथा इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। संगोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

## सीएमपीडीआई ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस 2026



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री चौधरी शिवराज सिंह ने अपने मुख्यालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर कोल इंडिया पर्यावरण ध्वज फहराया और कर्मियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ दिलाई। मौके पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री राजीव कुमार सिन्हा ने कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश पढ़ा जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) श्री अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री नृपेन्द्र नाथ, कोल इंडिया के कार्यपालक निदेशक (गवेषण) श्री आर०के० सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सोच में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है और उन्होंने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व और दैनिक जीवन में सतत प्रथाओं को अपनाने की वकालत की। उन्होंने अपने कर्मियों से प्रदूषण कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) जैसी पहलों और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से सतत खनन और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि सीएमपीडीआई का उद्देश्य राष्ट्र के ऊर्जा और विकास लक्ष्यों का समर्थन करते हुए जलवायु परिवर्तन को कम करने में सार्थक योगदान देना है। श्री सिंह ने कार्यकारिणी निदेशकों (एफडी) के साथ मिलकर "प्रकृति संकल्प" के पहले अंक का अनावरण किया जो कि अर्धवार्षिक ई-पत्रिका है और पर्यावरण संबंधी पहलों को बढ़ावा देने और सतत विकास के प्रति जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित क्विज, ड्राइंग, पेंटिंग और रील्स जैसी विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-17 | कार्य का नामः- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली, सहायक मंडल अभियंता मेरठ के कार्यक्षेत्र में 61.1114 किमी की सुरक्षा बाड़ की व्यवस्था (क्रैश बैरियर-एंटी) का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- 351358102.10<br>बयाना राशि (रुपये) :- 7027200.00 |
| 2 | NIT-18 | कार्य का नामः- वरिष्ठ मंडल अभियंता -II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के कार्य क्षेत्र में भिन्न जगह पर सेस रिपेयर कार्य का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- 24311156.11<br>बयाना राशि (रुपये) :- 486200.00 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.07.2026 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-13 & 14-26-27-W-II दिनांक : 05.06.2026 1931/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित पुत्रः विजय शर्मा पताः 16/888, गणेश गली, ई ब्लॉक, बापा नगर, करोल बाग, दिल्ली** ने case **FIR No. 172/2022 U/s 380/511 IPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 172/2022 U/s 380/511 IPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करनबीर सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
केन्द्रीय, रूम नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7509/CD/2026 (Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## रेलमंत्री ने शकूरबस्ती डिपो के कर्मचारियों व तकनीकी स्टाफ से किया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीधा संवाद




**नई दिल्ली।** माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री अश्विनी वैष्णव ने शकूरबस्ती डिपो में कार्यरत कर्मचारियों, मेंटेनेंस स्टाफ और अन्य रेलकर्मियों से सीधे तौर पर संवाद स्थापित किया। एक बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रेल मंत्री ने कर्मचारियों के अनुभवों को सुना, उनकी पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके दैनिक कार्य में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों व समस्याओं को गहराई से जाना। कर्मचारियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए माननीय मंत्री ने बिना किसी प्रशासनिक विलंब के, मौके पर ही मौजूद वरिष्ठ रेल अधिकारियों को उनकी समस्याओं पर गंभीरता से गौर करने तथा उनके त्वरित और समयबद्ध निवारण के लिए कड़े प्रशासनिक आदेश जारी किए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | एसीएसआर डॉग कंडक्टर 100 वर्ग मिमी. (हिसार)। | 01.06.2026<br>30.06.2026 | रु. 9.09 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 1662223061<br>semm@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | एसीएसआर वुल्फ कंडक्टर 150 वर्ग मिमी. (हिसार)। | 01.06.2026<br>30.06.2026 | रु. 7.77 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 1662223061<br>semm@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45924/I/88/7 दि. 05.06.26


### शब्द पहेली - 6248




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6247 का हल**





# सूर्या की जगह अय्यर होंगे टी20 टीम के कप्तान

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय चयन समिति शनिवार को जब ब्रिटेन के दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी तो श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह टी20 टीम की कप्तानी मिलना तय है।

भारत के ब्रिटेन के दौरे में 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से शुरू होने वाले 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 3 वनडे मैच खेलेगा। एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में आइची-नागोया में होंगे और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टीम की घोषणा समय से पहले की जा रही है।




## वैभव की सीनियर टीम में शामिल किए जाने की संभावना

ऐसी संभावना है कि तिलक वर्मा नए उप-कप्तान होंगे, जबकि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। सूर्यकुमार को न केवल इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप जीतने के बावजूद कप्तान पद से हटाया जा रहा है, बल्कि पिछले 18 महीनों में उनके खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है।

## ब्रिटेन दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीमों की घोषणा

चयन समिति ब्रिटेन दौरे और सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीमों की घोषणा करेगी। एशियाई खेलों के लिए तिलक वर्मा को कप्तान बनाया जा सकता है और सूर्यवंशी के भी उस टी20 टीम का हिस्सा होने की संभावना है। कुछ नए नाम इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिनमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी शामिल हैं।

# पहलवान मनीषा व नेहा ने जीते गोल्ड, नीलम-साहिल को कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

## उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज छाए प्रदेश के खिलाड़ी









देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उलानबटोर कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की पहलवान मनीषा भानवाला ने 57 किलोग्राम में और नेहा ने 59 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, साहिल कादयान ने 70 किलोग्राम में और नीलम ने 50 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता उलानबटोर मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। मनीषा जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर और कोच मनदीप ने दोनों पहलवानों को बधाई दी। कोच मनदीप ने कहा कि मनीषा भानवाला एक बेहद अनुशासित और मेहनती पहलवान है।

छोटूराम स्टेडियम में उसने अपनी तकनीकों पर दिन-रात काम किया है, और आज उसकी उसी कड़ी मेहनत ने उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर सोने का तमगा दिलाया है।

## जूनियर कोच भी हैं मनीषा

*मनीषा ने बताया कि फिट होने के लिए कुश्ती खेलना शुरू किया था लेकिन फिर रुचि बन गई। छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हूं। आउट स्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन (ओएसपी) से रोहतक में जूनियर कोच हूं। 2016 साउथ एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य पदक जीता। 2025 में सीनियर एशियन चैंपियनशिप में चैंपियन बनी हूं। 7 साल बाद कोई भारत की लड़की चैंपियन बनी है।*

## खबर संक्षेप




### आज दिल्ली में माय भारत युवा सम्मेलन

**नई दिल्ली।** खेल और युवा कार्य मंत्रालय का 'माय भारत युवा सम्मेलन' शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह समेत खेल जगत के कई सितारे भाग लेंगे। मंत्रालय के अनुसार त्यागराज स्टेडियम में होने वाले इस सम्मेलन में देश के 6 हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। इनमें छात्र, युवा पेशेवर, उद्यमी, कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे। इस दौरान खेल, उद्यिता, प्रशासन और कंटेंट क्रिएशन से जुड़ी उदीयमान प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### रोम डायमंड लीग: 8वें स्थान पर रहे सचिन



**रोम।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव डायमंड लीग में पदार्पण करते हुए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने करियर में पहली बार 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार करते हुए खिताब जीता। 26 वर्षीय यादव केवल 79.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर सके, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.27 मीटर से काफी कम था। उन्होंने अपना यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में किया था जहां वह चौथे स्थान पर रहे थे। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 81.95 मीटर है। यादव ने फाउल थ्रो से शुरुआत की तथा फिर अगले चार प्रयासों में 79.18 मीटर, 77.02 मीटर, 76.62 मीटर और 75.54 मीटर थ्रो किया। पांच थ्रो के बाद वह आठवें स्थान पर रहे।

### उड़ान में बीमार पड़े निशानेबाजी कोच राणा



**नई दिल्ली।** मशहूर निशानेबाजी कोच जसपाल राणा जर्मनी के म्युनिख में हुए आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते हुए उड़ान में बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफार्मेंस कोच हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के सूत्र ने बताया,' जसपाल को विमान में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और दिल्ली पहुंचने के बाद वह सीधे अस्पताल गए, जहां टेस्ट के बाद उन्हें एक स्टेंट डाला गया।'एक खिलाड़ी के तौर पर शानदार कैरियर के बाद जूनियर टीम के कोच और हाई परफार्मेंस ट्रेनर के रूप में भी राणा का कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा है।

## मुल्लांपुर में भिड़ेंगी गिल और शाहिदी की टीमें, मैच सुबह 9.30 बजे से

# आठ साल बाद आमने-सामने भारत अफगानिस्तान, आज से इकलौता टेस्ट

एजेंसी ▸▸| मुल्लांपुर

भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के महत्वपूर्ण मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में उचित संयोजन तैयार करने की कोशिश करेगा। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला यह मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है लेकिन टीम की दिशा तय करने के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के बीच इससे पहले 2018 में टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें अफगानिस्तान ने लंच और चाय के सत्र के बीच 10 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तीसरे सत्र में उसकी दूसरी पारी भी सिमट गई थी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था।



### भारत का पलड़ा भारी

अब 2026 में हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी, जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और अभी तक उचित संयोजन तैयार करने के लिए संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद भारत का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। लेकिन भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा।

### मानव-हर्ष पर रहेगी नजर

मानव सुथार और हर्ष दुबे को टीम में रखा है। अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** :शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल।

**अफगानिस्तान**: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, बिलाल सामी, कैस अहमद, मोहम्मद सलीम, जियाउर रहमान।

### 2018 में भारत ने दो दिन में जीता था मैच

जहां तक भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले की बात है तो आंकड़ों पर नजर डालने से भी अंतर स्पष्ट हो जाता है। अफगानिस्तान ने 2018 में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसे मेजबान टीम ने दो दिनों के भीतर ही जीत लिया था। इसके बाद से जून 2026 तक अफगानिस्तान ने 11 और मैच खेले हैं। इसी अवधि में भारत ने 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से ऋषभ पंत अकेले 49 मैचों का हिस्सा रहे हैं। संयोगवश, जब अफगानिस्तान आखिरी बार भारत के खिलाफ खेला था, तब पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। 2018 की टीम से केवल केएल राहुल ही वर्तमान भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और बल्लेबाज रहमत शाह भी उस मैच में खेले थे।

## फ्रेंच ओपन

# अंद्रीवा और च्वालिंस्का के बीच खिताबी जंग, मिलेगा नया विजेता



एजेंसी ▸▸| पेरिस

फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में शनिवार को दो उभरती हुई खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा, जब रूस की 19 वर्षीय मीरा अंद्रीवा का सामना पोलैंड की माया च्वालिंस्का से होगा। दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं, इसलिए रोलां गैरो को इस बार नया चैंपियन मिलने जा रहा है। पिछले वर्ष अंद्रीवा इस टूर्नामेंट में दबाव नहीं संभाल सकी थीं। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में वह अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ी लोइस बोइसन के खिलाफ अपना आपा खो बैठी थीं और सीधे सेटों में हार गई थीं। मैच के दौरान गुस्से में गेंद दर्शक दीर्घा की ओर मारने पर उन्हें चेतावनी भी मिली थी। लेकिन बीते दो सप्ताह में ऐसी कोई स्थिति देखने को नहीं मिली। अभी केवल 19 वर्ष की अंद्रीवा पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं। दबाव अब भी है, लेकिन उसे संभालना उन्होंने सीख लिया है। सेमीफाइनल में इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ क्ले-कोर्ट खिलाड़ियों में से एक मार्ता कोस्त्युक को हराने के बाद अंद्रीवा ने कहा, /"अब भी ऐसे मैचों में मुझे घबराहट होती है। पहले अगर मेरी सर्विस टूट जाती थी तो लगता था जैसे सब खत्म हो गया हो। लेकिन अब मैं सोचती हूं कि अगर प्रतिद्वंद्वी ने मेरी सर्विस तोड़ दी है तो कोई बात नहीं, मैं भी उसकी सर्विस तोड़ने की कोशिश करूंगी।/" उनका यह बदला हुआ नजरिया कारगर साबित हुआ है।

## ज्वेरेव फाइनल में, पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर

**पेरिस।** जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेंसिक को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह इसके साथ ही अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से अब केवल एक जीत दूर रह गए हैं। ज्वेरेव ने रोलां गैरो के सेमीफाइनल में 20 वर्षीय मेंसिक को 7-5, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। रविवार को होने वाले फाइनल में ज्वेरेव का सामना इटली के 14वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली और विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर मौजूद माटेओ अर्नाल्डी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ज्वेरेव को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर दूसरे दौर में बाहर हो गये थे, जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज दाहिनी कलाई की चोट के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हट गए थे। ऐसे में ज्वेरेव पर अपने लंबे समय से प्रतीक्षित ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने का दबाव बढ़ गया था और अब वह इस लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में खेल रहे विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज मेंसिक मुकाबले के दौरान डबल फॉल्ट की समस्या से जूझते रहे।

# नॉर्वे चेस : क्लासिकल बाजी में प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया, वेस्ली से सिर्फ आधा अंक पीछे

एजेंसी ▸▸| ओस्लो

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञाननंदा इस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञाननंदा 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं।




### खिताब की दौड़ में फ़िरोजा

फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोजा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा। प्रज्ञाननंदा निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेजा से होगा।

### जिनेर ने दिव्या को हराया

झू जिनेर ने काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या देशमुख को हराया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कोनेरू हम्पी को महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार मिली।

## एशियाई अंडर-18 हॉकी

# पेनल्टी शूटआउट में हारी महिला टीम, स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▸▸| काकामिगाहारा

भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से पेनल्टी शूटआउट में हार गई और इस तरह से स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर हो गई। भारतीय टीम चार क्वार्टर तक चले रोमांचक मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 1-3 से हार गई। भारत की तरफ से निर्धारित समय में नौशीन नाज (तीसरे मिनट) और किरण एक्का (54वें मिनट) ने गोल दागे, जबकि ली जेयान (24वें मिनट) और झांग युज़ेंग (48वें मिनट) ने चीन के लिए गोल किए।



### कांस्य के लिए भिड़ेगा भारत

महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच जापान और कोरिया के बीच खेला जाएगा। भारत शनिवार को कांस्य पदक के लिए इस मैच में हारने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत करते हुए तीसरे मिनट में ही गोल दाग दिया।

# विश्व कप में पानी की बोतलें बैन

एजेंसी ▸▸| कोरल गेबलेस

फीफा ने अपनी नीति में ऐन मौके पर बदलाव करते हुए उत्तर अमेरिका में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के मैचों में फिर से भरी जाने वाली पानी की बोतलें स्टेडियम में लाने पर रोक लगा दी है।

स्टेडियम आचार संहिता की इंग्लैंड के प्रशंसकों के एक समूह ने कड़ी निंदा की है, जिसका कहना है कि फीफा ने आश्वासन दिया था कि भीषण गर्मी के बीच होने वाले टूर्नामेंट में स्टेडियम में मुफ्त पानी की व्यवस्था रहेगी और दर्शक प्लास्टिक की खाली बोतलें ला सकेंगे। फ्री लायंस प्रशंसक समूह ने एक बयान में कहा,' हमें तो यही लग रहा है कि पैसा कमाने के लिए यह किया जा रहा है।' विश्व कप स्टेडियमों में पानी, सोड़ा और जूस फीफा के पुराने प्रायोजक कोका कोला के लिए बेचे जाएंगे। इस साल विश्व कप में व्हाइट हाउस कार्यबल के कार्यकारी निदेशक एंड्रयू जियुलियानी ने कहा,' दर्शक पानी की बोतल किसी पर फेंक सकते हैं और हथियार की तरह उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। फीफा ने कल इस फैसले की घोषणा की है लिहाजा मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता।' फीफा के स्टेडियम नियमों में कहा गया है कि दर्शक पारदर्शी छोटी पानी की बोतल ला सकते हैं, जिसमें फिर से पानी भरा जा सके। लेकिन अब नए नियम के तहत ऐसी बोतलें मैदान में नहीं लाई जा सकेंगी।



## फुटबॉल विश्व कप : अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को ड्रॉ पर रोका

# आइवरी कोस्ट ने फ्रांस को हराया, डूए ने दागा निर्णायक गोल

एजेंसी ▸▸| नांटेस

गुएला डूए ने एक गोल किया और निर्णायक गोल करने में मदद की, जिससे आइवरी कोस्ट ने विश्व कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में फ्रांस को 2-1 से हरा दिया। गुएला डूए ने अपने इस प्रदर्शन से न सिर्फ आइवरी कोस्ट की अच्छी तैयारी का सबूत पेश किया बल्कि फ्रांस और उसके डगआउट में मौजूद अपने भाई डेसिरे डूए को भी चौंका दिया।

जब मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब अमाद डियालो ने गुएला डूए के दाहिनी ओर से दिए गए निचले क्रॉस को गोल में तब्दील कर दिया। पहले हाफ के आखिरी मिनट में रायन चेरकी ने दो डिफेंडरों और गोलकीपर याहिया फोफाना को छकाते हुए गोल करके फ्रांस को बढ़त दिलाई थी। आइवरी कोस्ट की तरफ से गुएला डूए ने बराबरी का गोल किया।

### फ्रांस खेलेगा उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ मैच

फ्रांस विश्व कप के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले सोमवार को लिले में उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगा। वह विश्व कप में 16 जून को न्यू जर्सी में सेनेगल के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर के बीच पहला मैच 14 जून को फिलाडेल्फिया में खेला जाएगा।



### स्पेन को मिला चौंकाने वाला परिणाम

विश्व कप के एक अन्य दावेदार स्पेन को भी अभ्यास मैच में चौंकाने वाले परिणाम का सामना करना पड़ा। उसे ला कोरुना में खेले गए मैच में इराक ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। फॉरवर्ड लामिन यामल और निको विलियम्स के बिना खेल रहे स्पेन ने फेरान टोरेस के गोल की बदौलत 16वें मिनट में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इराक की तरफ से मैच समाप्त होने से आधा घंटा पहले मेर्चस डोस्की ने बराबरी का गोल किया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यामल 15 जून को अटलांटा में टीम के विश्व कप के पहले मैच में केप वर्डे का सामना करने के लिए फिट हो जाएंगे। इराक 16 जून को मैसाचुसेट्स में विश्व कप के अपने पहले मैच में नॉर्वे से भिड़ेगा।




**रूस तकनीकी हस्तांतरण को भी तैयार**

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि एसयू-57 दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान है। रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है

## राष्ट्रपति पुतिन ने दिया भारत को बड़ा ऑफर

# एसयू-57 लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर संयुक्त रूप से काम करने को तैयार

### एसयू-57 का सोर्स कोड साझा करेगा


सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान


एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा रक्षा प्रस्ताव दिया है। संट पीटर्सबर्ग में वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर मिलकर काम करने को तैयार है।

**बेहतरीन विमान**

*उन्होंने एसयू-57 को दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान बताया और कहा कि रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है। उनके बयान से स्पष्ट है कि मॉस्को भारत को रक्षा क्षेत्र में बड़ा साझेदार मानता है। पुतिन ने कहा कि रूस ने अभी तक युद्ध के मैदान में ओरेशनिक मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया है।*

**एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम कर सकते**



पुतिन ने कहा कि रूस ने भारत को पांचवीं पीढ़ी की तकनीक पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि एसयू-57 विमान संयुक्त परियोजना भी बन सकता था। हालांकि रूस ने इसे खुद विकसित किया, लेकिन अब भी भारत के साथ इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम करना चाहता है।

**भारत वर्षों से रणनीतिक साझेदार**



रूस की सरकारी रक्षा कंपनी रोस्टेक के सीईओ सर्गेई चेमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई वर्षों से रणनीतिक साझेदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत पर प्रतिबंध लगे थे तब भी रूस ने उसकी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए हथियारों की आपूर्ति जारी रखी थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रूस आगे भी भारत को उसकी जरूरत के अनुसार रक्षा उपकरण उपलब्ध कराता रहेगा।

**भारत की सभी मांगें स्वीकार्य**

वहीं रूसी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारत की सभी मांगें स्वीकार करने योग्य हैं। रूस एसयू-57 का सोर्स कोड साझा करने और भारत में इसके निर्माण के लिए तकनीक हस्तांतरण को भी तैयार बताया जा रहा है।

**सुखोई एसयू-57: पांचवीं पीढ़ी का मल्टीरोल स्टील्थ**

- **अधिकतम गति:** करीब 2,500 किमी/घंटा
- **स्टील्थ तकनीक:** दुश्मन के रडार की पकड़ से दूर
- **मारक क्षमता:** 400 किलोमीटर
- **हथियार:** कई तरह की मिसाइलें ले जाने में सक्षम
- **इंजन:** अत्याधुनिक इजडेलिए 177 इंजन

**खबर संक्षेप**

### गैस रिसाव के बाद घर में धमाका, 3 लोगों की मौत



**पुणे।** पुणे के वाघोली इलाके में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। खंडवे नगर की एक दो मंजिला इमारत में गैस रिसाव की वजह से जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके के बाद घर में भीषण आग लग गई। इस दुखद घटना में 35 साल के पांडुरंग गिट्टे और उनके माता-पिता की मौत हो गई।

### इजराइल का लेबनान पर हमला, 6 की मौत



**दिब्बीन।** इजराइल की वायु सेना ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों पर हमले किए। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। ये हमले चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला द्वारा इजराइल और लेबनानी सरकार के बीच हुए नवीनतम युद्धविराम समझौते को खारिज करने और लेबनान से इजराइल के पूरी तरह हटने की मांग करने के एक दिन बाद हुए हैं। इससे पहले सेना ने नौ गांवों के लोगों के लिए निकासी की चेतावनी जारी की।

विदेश मंत्रालय ने मृतकों का आंकड़ा साझा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति जताई संवेदनाएं

# दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में गई 13 विदेशी नागरिकों की जान

**बोले जायसवाल, घायलों की संख्या 22 है, मंत्रालय जरूरी सहायता देने के लिए सभी देशों के दूतावासों के संपर्क में है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के मालवीय नगर स्थित



एक होटल में आग लगने की घटना में मारे गए विदेशी नागरिकों की संख्या 13 है। जिसमें मोजांबिक का 1 नागरिक, नाइजीरिया के 4, लाइबेरिया का 1, किर्गिस्तान के 3, उज्बेकिस्तान का 1, कांगो का 1, बांग्लादेश का 1 और इराक का 1 नागरिक शामिल है। जबकि घायल विदेशियों का आंकड़ा करीब 20 से 22 तक पहुंच गया है। 5 जून को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल के जवाब में रणधीर ने कहा कि मंत्रालय इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले सभी विदेशी नागरिकों के परिवारों के प्रति अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट करता है। मामले को लेकर हमारी इन तमाम देशों के दूतावासों के साथ चर्चा चल रही है। ताकि हम उन्हें हर जरूरी सहायता (कागजी कार्यवाही या चिकित्सा संबंधी सहायता) प्रदान कर सकें।

### अमेरिका से भारत भेजे गए 1076 भारतीय

एक अन्य प्रश्न के जवाब में रणधीर ने बताया कि मौजूदा वर्ष 2026 में अब तक अमेरिका से भारत वापस भेजे गए भारतीयों की संख्या 1 हजार 76 है। जबकि पिछले साल 2025 में यह आंकड़ा 3 हजार 567 था। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवासन और गतिशीलता एक ऐसा मामला है। जिस पर दोनों देश वार्ता कर रहे हैं और इसमें हमारा ध्यान इस ओर है कि कैसे अवैध प्रवासन पर सख्ती की जाए? जिससे कानूनी प्रक्रिया का पालन कर अमेरिका जाने या भारत आने वाले लोगों पर कोई प्रभाव न पड़े।

### जल्द राष्ट्रीयता प्रमाणित करेगा बांग्लादेश

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के मुद्दे पर कहा कि हमारी नीति बिल्कुल साफ है कि जो भी व्यक्ति अवैध रूप से हमारे देश रह रहा होगा। उसे हर हाल में वापस जाना पड़ेगा। बांग्लादेश के संबंध में मामले पर एक जरूरी द्विपक्षीय तंत्र मौजूद है। जिसके तहत हम समय-समय पर लोगों की सूची बांग्लादेश के समक्ष उनकी राष्ट्रीयता का सत्यापन करने के लिए भेजते रहते हैं। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। हम उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। इस विषय को लेकर हालांकि हमारी ओर से कई अनुरोध बांग्लादेश के सामने लंबित हैं। जिनके हम जल्द से जल्द क्रियान्वयन की उम्मीद करते हैं।

### चिली, बोलीविया के हालात पर कड़ी नजर

एक अन्य सवाल के जवाब में रणधीर ने बताया कि चिली, बोलीविया, इक्वाडोर में जारी विरोध-प्रदर्शनों के मामले पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है। चिली में भारत के सबसे ज्यादा 4 हजार नागरिक रहते हैं। जबकि बोलीविया में यह आंकड़ा 100 से कम का है। इक्वाडोर में भारतीयों की संख्या 350 हैं। विदेश मंत्रालय इन देशों में रह रहे भारतीय समुदाय और वहां मौजूद हमारे सभी मिशन के साथ निकट संपर्क में बना हुआ है। जिसमें सभी से लगातार अपडेट ली जा रही है। क्यूबा में बढ़ती अमेरिकी गतिविधियों को लेकर उन्होंने कहा कि क्यूबा के साथ हमारे मित्रतापूर्ण संबंध हैं। पिछले साल जब यह द्वीपीय देश मिलेसा चक्रवात से जूझ रहा था। तब भी हमने उन्हें एचएडीआर सहायता प्रदान की थी। जिसमें जनरेटर, दवाएं और अन्य जरूरी वस्तुएं प्रदान की गई थी।

### नहीं बदली भारत की विदेश नीति

उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि भारत की विदेश नीति के जो मुख्य स्तंभ हैं। उनमें अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है। जहां तक सुखोई-57 विमान की बात है, तो भारत और रूस के बीच रक्षा संबंध अच्छे हैं। सालों-साल से यह चलते आ रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार सचिव की भारत यात्रा हुई है। जिसमें उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात की है। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार तकनीक को लेकर बातचीत को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि दोनों पक्षों की चर्चा में सभी मामलों पर विचार-विमर्श किया गया है। इसमें एफटीए और उसके क्रियान्वयन का मसला भी शामिल रहा है। यह बातचीत सकारात्मक रही है और हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध लगातार मजबूत होंगे।

### लेबनान में मारे गए शांति योद्धा को दी श्रद्धांजलि

लेबनान में हुए एक हमले में मारे गए सर्बिया के एक यूएन शांति सैनिक की मौत के मामले की भारत ने निंदा की है। जायसवाल ने कहा, हम जवान के प्रति अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। साथ ही हमें उम्मीद है कि इस हमले में घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ होंगे।

हिंद महासागर में भारत रचेगा चक्रव्यूह

## 9 पनडुब्बियां खरीदेगा देश स्वदेशी तकनीक पर भी जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अगले दो दशकों में अपनी पानी के अंदर युद्ध लड़ने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 6 के बजाए नौ नई पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां खरीदने की योजना बना रहा है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार सरकार ने तय किया है कि प्रोजेक्ट 75(1) के तहत खरीदी जा रही छह पनडुब्बियों के बाद तीन और पनडुब्बियों का ऑर्डर दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में कुल नौ पनडुब्बियां खरीदने की योजना बन जाएगी। इसके बाद दूसरा चरण प्रोजेक्ट 76 शुरू होगा जिसके तहत भारतीय डिजाइन और ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल करके कम से कम छह और पारंपरिक पनडुब्बियां बनाई जाएंगी।



यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब भारत अगले दो दशकों में अपनी पारंपरिक पनडुब्बियों की घटती संख्या की समस्या से निपटना चाहता है खासकर इसलिए क्योंकि पाकिस्तान और चीन तेजी से अपनी पनडुब्बी क्षमता बढ़ा रहे हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास अनुमानित तौर पर 65 पनडुब्बियां हैं और वो इस मामले में अमेरिका से भी आगे निकल चुका है।

रक्षा क्षमता को मिलेगा नया आयाम

## भारत खरीदेगा 20 हजार करोड़ के ड्रोन, 2 साल में होगी आपूर्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार 20 हजार करोड़ रुपए के स्वदेशी ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। ये आधुनिक सैन्य ड्रोन 18 से 24 महीनों में सेना को मिलेंगे, जिससे देश की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। सरकार के साथ मिलकर काम करने वाले उद्योग निकाय ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) ने इस बात की पुष्टि की है। डीएफआई के अध्यक्ष स्मित शाह ने बताया कि यह योजना अपने अग्रिम चरण में है।

अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में बोले पाक के प्रधानमंत्री

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं शांति दूत... भारत संग संघर्ष को खत्म कराने के लिए पाक अमेरिकी राष्ट्रपति का सदा आभारी रहेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपने आर्थिक फायदे के लिए अमेरिका के कसीदे पढ़ने की अपनी आदत से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला बीते गुरुवार का है। जिसमें इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शांति का दूत बताते हुए कहा कि पिछले साल 2025 में भारत के साथ हुए सैन्य संघर्ष को समय पर किए गए हस्तक्षेप के साथ खत्म कराने के लिए पाकिस्तान अमेरिका के राष्ट्रपति का हमेशा आभारी रहेगा।

यह उनका निर्णायक हस्तक्षेप ही था। जिसकी वजह से यह संघर्ष खत्म हुआ। यहां बता दें कि दूतावास में अमेरिकी की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भी संबोधित किया।

### दक्षिण एशिया में बहाल की शांति



शरीफ ने यह भी कहा कि दक्षिण एशिया में शांति बहाल करने और लाखों लोगों की जान बचाने के लिए भी हम अमेरिका के राष्ट्रपति के हमेशा आभारी रहेंगे। पाकिस्तान अमेरिका के राष्ट्रपति को शांति के दूत के रूप में देखता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के बीच बीते साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा आतंकी अड्डों पर की गई एयरस्ट्राइक के बाद संघर्ष की असल मायने में शुरुआत हुई थी। जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समय पर किए गए निर्णायक हस्तक्षेप की मदद से रोका था। यह सब कुछ 10 मई 2025 को हुआ। संघर्ष थम गया (संघर्षविराम) था। उन्होंने यह भी कहा कि 1947 में पाकिस्तान बनने के बाद ही अमेरिका ने हमारे देश को मान्यता प्रदान की थी। हमारा संबंध एक सच्चा संबंध है। जो बीते करीब आठ दशकों से बना हुआ है। उन्होंने पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध को लेकर कहा कि पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच संपर्क स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जिसमें फील्ड मार्शल असीम मुनीर की अहम भूमिका रही है।

### भारत ने खारिज किया है ट्रंप का दावा

गौरतलब है कि भारत, पाक के बीच संघर्षविराम को लेकर पूर्व समय में अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा किए गए दावों को नई दिल्ली ने सख्त अंदाज में खारिज किया है। साथ ही भारत ने कहा है कि संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जिसमें अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं रही है। पाकिस्तान ने भारत के समक्ष इसके लिए गुहार लगाई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच 10 मई 2025 को शाम 5 बजे से यह समझौता लागू हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने 26 निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। जिसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 शिविरों में मौजूद 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। आतंकवाद को लेकर भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति आज भी जस की तस बरकरार है।

दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में शामिल होंगे द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी मुद्दे

# भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे नेपाल के विदेश मंत्री, आज जयशंकर संग होगी बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमाई विवाद को लेकर संबंधों में बने हुए तनाव के बीच अपनी तीन दिवसीय (7 से 9 जून तक) यात्रा के तहत नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंच गए हैं। इस साल मार्च महीने में हुए सरकार गठन के बाद की जा रही यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने नेपाल के विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखते हुए उनकी यह यात्रा भारत, नेपाल के बीच विशेष साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक साबित होगी। शनिवार को भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होगी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की है।



### बैठक में उठेंगे सभी मुद्दे

उधर, मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि व कुछ अन्य मीडिया संस्थानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अपने तय कार्यक्रम के तहत नेपाल के विदेश मंत्री 5 जून को राजधानी दिल्ली पहुंच गए हैं। 6 जून को उनकी विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के साथ एक बैठक होगी। नेपाल के साथ बातचीत को लेकर भारत के पास एक बड़ा एजेंडा है। जिसमें हमारी विकास साझेदारी, व्यापार-निवेश, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच आपसी संबंध जैसे मामले शामिल हैं। सभी मुद्दों पर दोनों विदेश मंत्री चर्चा करेंगे। नेपाल को लेकर हमारा यही कहना है कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ बहुआयामी साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के पक्ष में है।

### विवादित मसलों पर स्पष्ट है रुख

उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री के हालिया बयान व सीमा से जुड़े हुए अन्य विवादित विषयों को लेकर कहा कि नेपाल के साथ होने वाली हमारे विदेश मंत्री की बातचीत में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े सभी मुद्दों को शामिल किया जाएगा। जहां तक अन्य विषयों का मसला है, तो मैंने पहले भी कहा है कि हमने उन पर भारत की ओर से एक स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। जिसमें हमने बताया है कि उन मुद्दों को भारत कैसे देखता है? सीमाई मामलों को सुलझाने के लिए दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय तंत्र मौजूद है। जिसके तहत ही हम आगे बढ़ना चाहते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109